सत्यमेव जयते

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक
का प्रतिवेदन

स्ट्रेस्ड एसेट्स स्टेबिलाइज़ेशन फंड (एसएएसएफ)

रिपोर्ट 18–07–2014 को संसद में सदन के पटल पर रखी गई है

भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग ✦ INDIAN AUDIT AND ACCOUNTS DEPARTMENT

संघ सरकार
वित्त मंत्रालय
(वित्तीय सेवा विभाग)
2014 की प्रतिवेदन संख्या 5

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक
का प्रतिवेदन
स्ट्रेस्ड एसेट्स स्टेबिलाइज़ेशन फंड (एसएएसएफ)

मार्च 2013 को समाप्त वर्ष के लिए

संघ सरकार

वित्त मंत्रालय

(वित्तीय सेवा विभाग)

2014 की प्रतिवेदन संख्या 5

विषय सूची

		पृष्ठ संख्या
शब्दावली		i
प्राक्कथन		iii
मुख्य विशेषताएं		v
अध्याय I	प्रस्तावना	1
अध्याय II	एसएएसएफ और सरकार	11
अध्याय III	स्ट्रेस्ड परिसम्पत्तियों का अस्वीकार्य विनिमय	13
अध्याय IV	स्ट्रेस्ड परिसम्पत्तियों की वसूली	17
अध्याय V	निपटाए गए मामले	23
अध्याय VI	सुलझाए गए मामले	33
अध्याय VII	अनसुलझे मामले	39
अध्याय VIII	विविध	49
अध्याय IX	निष्कर्ष	63
अनुबंध		65

शब्दावली

एआरसीआईएल	एसेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी (इंडिया) लिमिटेड (आर्सिल) भारतीय बैंकों और वित्तीय संस्थानों से अधिग्रहण पर नान परफार्मिंग एसेट (एनपीए) के समाधान का व्यवसाय प्रारंभ करने वाली भारत की पहली और सबसे बडी परिसम्पत्ति पुनर्गठन कम्पनी है। यह प्रमुख बैंकों और वित्तीय संस्थानों नामत: भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), आईडीबीआई बैंक लिमिटेड (आईडीबीआई), आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (आईसीआईसीआई) और पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) द्वारा प्रायोजित है।
ऋण का समनुदेशन	तीसरी पार्टी (समनुदेशिती) जो उस समय ऋण प्राप्तकर्ता से संग्रहण के माध्यम से ऋण के समाधान के उद्देश्य हेतु खाते का वास्तविक हकदार बन जाता है को क्रेडिटड (नियोजक) से ऋण खाते का विधिक हस्तांतरण।
बीआईएफआर	औद्योगिक और वित्तीय पुनर्गठन बोर्ड
बीपीएलआर	बैंचमार्क प्राइम लेंडिग रेट
बीओटी	एसएएसएफ का न्यासी बोर्ड
सीडीआर	भारतीय रिजर्व बैंक ने निगमों के नियंत्रण से बाहर के कारणों और कुछ आन्तरिक कारणों के कारण वित्तीय कठिनाईयों का सामना करने वाले व्यवहार्य निगम सत्वों के ऋण के एक समयबाधित, पारदर्शी और क्रमिक पुनर्गठन के लिए निगम ऋण पुनर्गठन (सीडीआर) विकसित किया। सीडीआर तंत्र की तीन स्तरीय संरचना है अर्थात् स्थायी फोरम, कोर ग्रुप और अधिकार प्राप्त समूह।
सीओओ	एसएएसएफ के अधिकारियों की समिति
डीआरटी	ऋण वसूली न्यायाधिकरण (डीआरटी) - डीआरटी बैंकों और वित्तीय संस्थान अधिनियम, 1993 को देय ऋण की वसूली के प्रावधानों के अधीन है। डीआरटी के पास पूरी तरह सिविल न्यायालयों के जैसे व्यापक आदेश पारित करने की शक्ति है। डीआरटी क्रास मुकदमें की सुनवाई, प्रति दावों और सेट ऑफ अनुमत कर सकता है। तथापि, वह उधारदाताओं की ओर से

	क्षति या सेवाओं की कमी या समझौतों के उल्लंघन या आपराधिक लापरवाही के दावों की सुनवाई नही कर सकता।
डीआरएटी	ऋण वसूली अपीलीय अधिकरण
ईटी	एसएएसएफ का कार्यकारी ट्रस्टी
जीएलओ	एसएएसएफ के संदर्भ में सकल बकाया ऋण, यह आईडीबीआई के वित्तीय विवरणों में प्रावधानों से पूर्व सकल ऋण है।
आईडीबीआई	भारतीय औद्योगिक विकास बैंक या आईडीबीआई बैंक लिमिटेड
आईएफसीआई	भारतीय औद्योगिक वित्त निगम
एनएलओ	एसएएसएफ के संदर्भ में शुद्ध बकाया ऋण, यह आईडीबीआई के वित्तीय विवरणों में किए गए प्रावधानों से घटाकर ऋण है।
एनएस	एसएएसएफ के संदर्भ में बातचीत द्वारा समझौता
ओटीएस	एसएएसएफ के संदर्भ में, यह एक मुश्त समझौता है।
सुलझाए गए मामले	एसएएसएफ के मामले में, यह समझौता परिनिर्धारण तक पहुँच गया किन्तु वसूली का भाग लम्बित है।
आरडीडीबीएफ	बैंक और वित्तीय संस्थाओं को देय ऋण की वसूली अधिनियम, 1993
घाटा	किसी वस्तु को इसके अनुमानित मूल्य से कम पर देना
सरफीजी अधिनियम	वित्तीय परिसम्पत्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निमाण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002
एसएएसएफ	स्ट्रेस्ड एसेट्स स्टैबिलाइजेशन फंड - उसके अन्तर्गत देय राशि की वसूली के मद्देनजर स्ट्रेस्ड परिसम्पत्तियों के प्रशासन और प्रबंधन हेतु भारत द्वारा स्थापित एक न्यास
संस्थापक	संस्थापक वह व्यक्ति है जो न्यास की स्थापना करता है।
निपटाए गए मामलें	एसएएसएफ के संदर्भ में नकद या शेयरों के माध्यम से निपटान। शेयरों की ब्रिक्री या वापस खरीदकर राशि की वसूली को छोड़कर कोई अतिरिक्त वसूली अपेक्षित नहीं हैं।
एससी	एसएएसएफ अनुवीक्षण समिति
एसएफसी अधिनियम	राज्य वित्त निगम अधिनियम
असमाधित मामलें	एसएएसएफ के संदर्भ में वह मामले जिनका कोई निपटान नही किया गया है।

प्राक्कथन

यह प्रतिवेदन 31 मार्च 2013 को समाप्त हुए वर्ष के लिए भारत के संविधान के अनुच्छेद 151 के अन्तर्गत राष्ट्रपति को प्रस्तुत करने के लिए तैयार किया गया है। भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के इस प्रतिवेदन में भारत सरकार द्वारा भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के स्ट्रेस्ड एसेट के अधिग्रहण हेतु गठित एक न्यास, स्ट्रेस्ड एसेट स्टेबिलाइजेशन फण्ड की लेखापरीक्षा के परिणाम सम्मिलित हैं। एसएएसएफ की लेखापरीक्षा वित्त मंत्रालय द्वारा मई, 2013 में भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक को, नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (कर्तव्य, शक्तियाँ तथा सेवा शर्तें) अधिनियम, 1971 की धारा 20(1) के अन्तर्गत सौंपी गई थी।

मुख्य विशेषताएं

भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (आईडीबीआई), सार्वजनिक और निजी दोनो क्षेत्रों में औद्योगिक उद्यमों को दीर्घावधि वित्त प्रदान करने की एक शीर्ष संस्था थी। 1 अक्टूबर 2004 से आईडीबीआई का अस्तित्व समाप्त हो गया और उसकी जगह कम्पनी अधिनियम 1956 के तहत आईडीबीआई बैंक, एक पंजीकृत इकाई के रूप में आस्तित्व में आई थी। मार्च 2004 तक, आईडीबीआई में नान परफार्मिंग एसेट (एनपीए) जमा हो गए जो लगभग ₹ 9000 करोड़ तक के थे।

(पैराग्राफ 1.1)

देय राशि की वसूली के दृष्टिगत आईडीबीआई के स्ट्रेस्ड एसेट के हस्तांतरण द्वारा अधिग्रहण और इन परिसम्पत्तियों के प्रबंधन के लिए निपटानकर्ता[1] के रूप में सरकार ने एक ट्रस्ट के रूप में विशेष उद्देश्य माध्यम का गठन करने का निर्णय लिया। उसने आईडीबीआई के स्ट्रेस्ड एसेट के लिए "स्ट्रेस्ड एसेट स्टेबिलाइज़ेशन फंड" (एसएएसएफ) का गठन किया और सितम्बर 2004 में एसएएसएफ ट्रस्ट डीड का कार्यान्वयन किया था।

(पैराग्राफ 1.1)

सरकार ने ट्रस्ट को ऋण प्रदान करने के लिए वित्तीय वर्ष 2004-05 के लिए बजट में ₹ 9000 करोड़ उपलब्ध करवाए थे। इन परिसम्पत्तियों के अधिग्रहण में भारत सरकार द्वारा प्रभावी लेन-देन में कोई तत्काल नकद व्यय निहित नहीं था। जीओआई ने ट्रस्ट को ₹ 9000 करोड़ का ऋण मुहैया किया। जिसके बदले में 20 वर्षों में प्रतिदेय सरकार की शून्य ब्याज विशेष प्रतिभूतियों में पैसा निवेश किया गया। ट्रस्ट ने आईडीबीआई (या उसके उत्तराधिकारी आईडीबीआई बैंक) को ₹ 9000 करोड़ तक की यह विशेष प्रतिभूतियाँ सौंपी और बदले में 636

[1] वह व्यक्ति जो ट्रस्ट निर्मित करता है निपटान कर्ता होता है।

एनपीए/स्ट्रैस्ड ऋण परिसम्पत्तियां जिनका बकाया शुद्ध ऋण (एनएलओ)[2] ₹ 9,004 करोड था।.

(पैराग्राफ 1.1)

ट्रस्ट को एनपीएज के हस्तांतरण की व्यवस्था आईडीबीआई की नॉन पफोर्मिंग परिसम्पत्तियों की लागत के बराबर था। कार्य की मौजूदा योजना के अनुसार भारत सरकार को 2024 में वसूल नही की गई शेष परिसम्पत्तियों के मूल्य तक विशेष प्रतिभूतियों को छोड़ना होगा। इसके बावजूद व्यवस्था में कोई तत्काल नकद व्यय शामिल नहीं था, जब प्रतिभूतियों को छोडा़ जाता है तब यह उक्त के लिए देयता का सृजन करती है। अत: भारत सरकार ने प्रभावी रूप से भविष्य की देयता सृजित कर आईडीबीआई के एनपीएज का भार उठाया है।

(पैराग्राफ 2.1)

ट्रस्ट डीड के खण्ड 17(ए) में कहा गया है कि "निधियों के लेखों का भारत के सीएजी द्वारा अनुरक्षण और लेखापरीक्षा की जाएगी"। मंत्रालय ने ट्रस्ट के आरंभ से लगभग आठ वर्षों से मई 2013 में एसएएसएफ की लेखापरीक्षा सीएजी को अंतिम रूप से सौंपा।

(पैराग्राफ 1.2)

ट्रस्ट ने अब तक ₹ 4,071 करोड़ की वसूली की और मार्च 2013 तक भारत सरकार को ₹ 4,059 करोड़ प्रेषित किए। ट्रस्ट ने प्रारंभिक अवधि अर्थात 2005-06 और 2007-08 के बीच ₹ 2407.79 करोड़ (59 प्रतिशत) की महत्पवूर्ण वसूली की थी। इसके बाद वसूल की गई राशि में तेजी से गिरावट आई जिससे पता चलता है कि अब छोड़े गए मामले अधिक जटिल और मुश्किल हैं।

(पैराग्राफ 1.3)

सितम्बर 2004 और मई 2005 के बीच छ: स्थानांतर/ समनुदेशन/ गिरवी करार का हस्तांतरण के निष्पादन द्वारा आईडीबीआई ने एसएएसएफ को ₹ 9004

---

[2] सकल बकाया ऋण (जीएलओ) प्रावधान से पूर्व एक ऋण है और बकाया शुद्ध ऋण (एनएलओ) प्रावधान घटा जीएलओ है।

करोड़ के कुल ऋण बकाया सहित 636 स्ट्रेस्ड परिसम्पत्तियॉ प्रदान की। तथापि, आईडीबी बैंक ने दूसरी स्ट्रेस्ड परिसम्पत्तियों के लिए प्रतिवर्तन मामलों के विनिमय हेतु भारत सरकार को प्रस्ताव प्रस्तुत किए (फरवरी2006/अप्रैल 2006)। मामलों का विनिमय अनुमति योग्य नहीं था क्योंकि एसएएसएफ के गठन का उद्देश्य केवल 31 मार्च 2004 तक मौजूद एनपीएज़/सम्भावित एनपीएज को अधिकार में लेना था। इस प्रकार, कोई अनुवर्ती विनिमय अनुमत नहीं था। भारत सरकार ने आईडीबीआई बैंक को सूचना दी (मई 2006) कि मौजूदा स्ट्रेस्ड एसेट स्टेबिलाईजेशन फंड एक विशेष उद्देश्य अर्थात उस समय के लिए स्ट्रेस्ड परिसम्पत्तियों हेतु बनाया गया था और एसएएसएफ के कार्यक्षेत्र और जीवन को बढाना अनुपयुक्त होगा। इसके बावजूद, आईडीबीआई बैंक के बोर्ड ने निर्णय लिया (जून 2006) और ट्रस्टीज बोर्ड ने ₹ 1,335.29 करोड़ के एनएलओ सहित तीन नए मामलों के लिए ₹1,522.29 के एनएलओ एसजेके स्टील प्लांट लिमिटेड (एनएलओ ₹ 603.42 करोड़), एसपीआईसी पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एनएलओ ₹ 528.46 करोड़) और श्री विष्णुप्रिय इन्डस्ट्रीज लि. (एनएलओ ₹ 203.41 करोड़) सहित आठ प्रतिवृति मामलों के विनिमय का अनुमोदन (24 जून 2006) किया। हस्तांतरण करार मामलों के विनिमय के लिए आईडीबीआई बैंक और एसएएसएफ के बीच कार्यान्वित (28 जून 2006) किया गया था।

(पैराग्राफ 3.1)

लेखापरीक्षा ने पाया कि 2006 में आईडीबीआई को हस्तांतरित किए गए आठ मामलों में ₹ 1,522.29 करोड़ के कुल एनएलओ के प्रति ₹ 1,659 करोड़ की वसूली की गई थी। दूसरी तरफ ट्रस्ट तीन परिवर्तित मामले से केवल ₹ 360.32 करोड़ वसूली कर सका। इस प्रकार इस अस्वीकार्य विनिमय, जोकि भारत सरकार द्वारा अनुमोदित नही था, ने आईडीबीआई को लाभ पहुॅचाया। आईडीबीआई को हस्तांतरित परिसम्पतियों पर वसूली एनएलओ से भी अधिक थी। विनिमय में ट्रस्ट द्वारा प्राप्त की गई परिसम्पत्तियों पर वसूली न्यूनतम थी।

(पैराग्राफ 3.1)

₹ 2933.12 करोड़ के कुल एनएलओ के 319 निपटाए गए मामलों में से 150 को एनएलओ से कम की राशि पर निपटाया गया था। कम वसूली ₹ 915.17 करोड़ के बराबर थी। इसी प्रकार, ₹ 2,878.29 करोड़ के कुल एनएलओ के 101 समाधित मामलों में से 60 मामलों में वसूली ₹ 2,650.30 करोड़ के एनएलओ के प्रति ₹ 828.94 थी जिसके परिणामस्वरूप मार्च 2013 तक ₹ 1,821.36 करोड़ की कम वसूली हुई।

(पैराग्राफ 4.1)

असमाधित श्रेणी में ₹ 625.32 करोड़ के एनएलओ के 79 मामलों में ट्रस्ट कोई वसूली नहीं कर सका और शेष 132 मामलों से यह ₹ 2,380.37 करोड़ के एनएलओ के प्रति केवल ₹ 396.75 करोड़ की वसूली कर सका था।

(पैराग्राफ 4.1)

लेखापरीक्षा विश्लेषण ने दर्शाया कि ₹ 25 करोड़ से अधिक के एनएलओ के 52 मामलों में से 19 मामले निपटाए गए थे, नौ मामले समाधित थे और 24 मामले असमाधित रहे। इसके अतिरिक्त, 319 निपटाए गए मामलों में से 300 मामलें ₹ 25 करोड़ से कम एनएलओ के थे जिन्होने दर्शाया कि ट्रस्ट छोटे मामलों को निपटाने में सक्षम था और बडे मामलों की भारी संख्या असमाधित रही।

(पैराग्राफ 4.1)

लेखापरीक्षा के दौरान यह देखा गया की गारंटर की सम्पति तथा आयकर के विवरण के अभाव में ऋण देने के समय पर व्यक्तिगत प्रतिभूतियां प्राप्त करना एक निरर्थक प्रक्रिया बन गई है। पीजी का प्रयोग करके केवल ₹ 4.99 करोड़ ही वसूल किये जा सके। अत: वित्तीय हितों की सुरक्षा करने के लिए पीजी का महत्वपूर्ण साधन प्रभावहीन रहा था।

(पैराग्राफ 4.3)

निपटान किए गए मामलों के संदर्भ में, लेखापरीक्षा ने पाया कि मीडईस्ट इन्टीग्रेटिड, कृष्णा फिलामेन्टस, पशुपति स्पिनिंग एवं विविंग मिल्स, आई.जी. पेट्रोकेमिकल्स एवं श्री राम मल्टीटेक लिमिटेड जैसे बड़े एनएलओ खातों पर कम

वसूली (एनएलओ से कम) हुई। इन फर्मो के कुछ प्रमोटरों की व्यक्तिगत प्रतिभूतियां ट्रस्ट के पास उपलब्ध थी। तथापि, ट्रस्ट ने निपटान राशि तय करने से पहले प्रमोटरों की निवल सम्पति/आय को सुनिश्चित करने का प्रयास नहीं किया। वास्तव में, प्रमोटरों की वित्तीय क्षमता को ध्यान में रखे बिना एनएलओ से कम ऐसे निपटान प्रमोटरों के हित में कहे जा सकते हैं।

(पैराग्राफ 5.3)

लेखापरीक्षा द्वारा चयनित 15 सुलझाए गए मामलों में से 10 मामलों में निपटान राशि/वसूली गई राशि ₹ 1,590.49 करोड़ की कुल कम वसूली सहित एनएलओ धनराशि से कम थी।

(पैराग्राफ 6.2)

स्टील सेक्टर कंपनियां बड़ी चूककर्ता हैं और ट्रस्ट को बहुत अधिक नुकसान पहुँचाई हैं। उदाहरणस्वरूप, ऊषा ग्रुप के श्री विनय राय एवं श्री अनिल राय द्वारा प्रमोटेड ऊषा इस्पात लिमिटेड और मालविका स्टील लिमिटेड के संबंध में ₹ 594.54 करोड़ और ₹ 321.80 करोड़ के एनएलओ के प्रति क्रमश: केवल ₹ 41.78 करोड़ (7.03 प्रतिशत) और ₹ 48.07 करोड़ (14.94 प्रतिशत) ही है। कई उधारकर्ता कम्पनियों के प्रमोटरों से व्यक्तिगत गारंटी होने के बावजूद भी ट्रस्ट ने प्रमोटरों के निवल मूल्य का पता लगाने की कोशिश नहीं की ताकि इष्टवम राशि वसूली जा सके।

(पैराग्राफ 6.2)

लेखापरीक्षा द्वारा जांच के लिए चयनित 39 अनसुलझे मामलों में से तीन मामलों में (त्रिवेणी ग्लास लिमिटेड, एजी फूड्स लिमिटेड और डायनामिक लॉजिस्टिक लिमिटेड) ट्रस्ट ने ₹ 47.28 करोड़ के एनएलओ के प्रति ₹ 58.21 करोड़ की वसूली की। शेष 36 मामलों में ₹ 1,888.69 करोड़ के एनएलओ के प्रति ट्रस्ट केवल ₹ 150.54 करोड़ की ही वसूली कर सका.

(पैराग्राफ 7.2)

मामलों की कठिन प्रकृति को देखते हुए (कुछ बीआईएफआर को भेजे गए है), भारत सरकार के ऋण के पुन: भुगतान के लिए अंतिम वसूली पर्याप्त नहीं होगी। तथापि, भारत सरकार द्वारा 2024 तक आईडीबीआई को विशेष प्रतिभूतियों को पूर्ण रूप से छुड़वा कर भुगतान करना होगा। इसलिए अपरिहार्य वित्तीय खर्च की इन विशेष प्रतिभूतियों के भाग को छुड़वाने के लिए भारत सरकार की सम्भावना स्वाभाविक है। अंतिम विश्लेषण के रूप में यह निजी कारपोरेट तथा उनके प्रमोटरों जिन्होंने करदाताओं की लागत पर भारी मात्रा में ऋण लिया था, को लाभ देगा।

(पैराग्राफ 9.6)

अध्याय I
प्रस्तावना

1.1 एसएएसएफ के बारे में

भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (आईडीबीआई), एक सांविधिक निगम, भारत के औद्योगिक विकास बैंक अधिनियम, 1964 के अन्तर्गत स्थापित किया गया था यह सार्वजनिक और निजी दोनो क्षेत्रों में औद्योगिक उद्यमों को दीर्घावधि वित्त प्रदान करने की एक शीर्ष संस्था थी। 1 अक्टूबर 2004 से आईडीबीआई का अस्तित्व समाप्त हो गया और उसकी जगह कम्पनी अधिनियम 1956 के तहत आईडीबीआई बैंक, एक पंजीकृत इकाई के रूप में अस्तित्व में आई थी। आईडीबीआई उपक्रम का हस्तांतरण हो गया था और आईडीबीआई बैंक में निहित था। मार्च 2004 तक, आईडीबीआई में नान परफार्मिंग एसेट (एनपीए) जमा हो गए जो लगभग ₹ 9000 करोड़ तक के थे।

देय राशि की वसूली के दृष्टिगत आईडीबीआई के स्ट्रेस्ड एसेट के हस्तांतरण द्वारा अधिग्रहण और इन परिसम्पत्तियों के प्रबंधन के लिए निपटानकर्ता[1] के रूप में सरकार ने एक विशेष उद्देश्य माध्यम का गठन करने का निर्णय लिया। उसने आईडीबीआई के स्ट्रेस्ड एसेट के लिए "स्ट्रेस्ड एसेट स्टेबिलाइज़ेशन फंड" (एसएएसएफ) का गठन किया और सितम्बर 2004 में एसएएसएफ ट्रस्ट डीड का कार्यान्वयन किया था।

सरकार ने ट्रस्ट को ऋण प्रदान करने के लिए वित्तीय वर्ष 2004-05 के लिए बजट में ₹ 9000 करोड़ उपलब्ध करवाए थे। प्रावधान "आईडीबीआई के लिए एसएएसएफ के सृजन के लिए एक विशेष उद्देश्य माध्यम (एक ट्रस्ट) को ऋण देने" के लिए थी। राशि "केन्द्र सरकार द्वारा जारी गैर ब्याज वाली विशेष प्रतिभूतियों में निवेश" के लिए था। इसके परिणामस्वरूप, विशेष जमा और लेखा (मुख्य शीर्ष 8012) में जमा के निर्धारण के बाद मांग सं. 34 में व्यय शून्य दर्शाया गया था।

ट्रस्ट ने 20 वर्षों में प्रतिदेय सरकार की शून्य ब्याज विशेष प्रतिभूतियों में पैसा निवेश किया। ट्रस्ट ने आईडीबीआई (या उसके उत्तराधिकारी आईडीबीआई बैंक) को ₹ 9000 करोड़ तक की यह विशेष प्रतिभूतियाँ सौंपी और बदले में 636 एनपीए/स्ट्रैस्ड ऋण परिसम्पत्तियां जिनका बकाया शुद्ध ऋण (एनएलओ)[2] ₹ 9,004 करोड था।

---

[1] वह व्यक्ति जो ट्रस्ट निर्मित करता है निपटान कर्ता होता है।

जून 2006 में, एसएएसएफ ने आईडीबीआई बैंक के साथ तीन नए एनपीए/स्ट्रेस्ड ऋण एसेट के लिए आठ टर्नअराउंड मामलों से विनियम किया और इन मामलों के आदान प्रदान के बाद, ₹ 9,006 करोड़ के एनएलओ के साथ 631 एनपीए/स्ट्रेस्ड ऋण परिसम्पत्तियां थीं। (अनुबंध I)

1.2 एसएएसएफ के लेखों की लेखापरीक्षा

ट्रस्ट डीड के खण्ड 17(ए) में कहा गया है कि "निधियों के लेखों का भारत के सीएजी द्वारा अनुरक्षण और लेखापरीक्षा की जाएगी"। सीएजी द्वारा लेखों के अनुरक्षण का प्रावधान गलती से लेखों को तैयार करने के उत्तरदायित्व के रूप में लिखा गया था जोकि अधिकारियों का काम है और सीएजी का नही। ट्रस्ट डीड को तैयार करते समय सीएजी से सलाह नही ली गई थी।

जहाँ तक ट्रस्ट की लेखापरीक्षा का संबंध है, उपरोक्त खण्ड को उद्धृत कर, ट्रस्ट ने सीएजी को एक लेखापरीक्षक नियुक्त करने का अनुरोध किया (जून 2005)। सीएजी ने सूचना दी (जुलाई 2005) कि चूंकि ट्रस्ट एक स्वतंत्र विधिक इकाई थी, ऐसी लेखापरीक्षा केवल तभी की जा सकती है जब वह सीएजी (डीपीसी) अधिनियम, 1971 की धारा 20 (1) के तहत सौंपी गई हो। ट्रस्ट को वित्त मंत्रालय के माध्यम से अपना प्रस्ताव भेजने का अनुरोध किया था। ट्रस्ट ने अगस्त 2005 में मंत्रालय को सीएजी के दृष्टिकोण के बारे में बताया। मंत्रालय से तब तक कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई थी जब तक मुम्बई उच्च न्यायालय ने फरवरी 2013 में हस्तक्षेप किया था। मंत्रालय ने अन्ततः मई 2013 में ट्रस्ट की स्थापना के लगभग आठ वर्ष बाद सीएजी को एसएएसएफ की लेखापरीक्षा सौंपी।

इसी बीच ट्रस्ट ने 2004-05 से 2011-12 के लिए अपने लेखे तैयार करना जारी रखा और उनकी लेखापरीक्षा मुम्बई में एक चार्टर्ड एकाउंटेंट फर्म मै. जी.पी. कपाडिया एवं कम्पनी द्वारा करवाई।

1.3 वसूली की स्थिति

ट्रस्ट ने अब तक ₹ 4,071 करोड़ की वसूली की और मार्च 2013 तक भारत सरकार को ₹ 4,059 करोड़ प्रेषित किए। ट्रस्ट ने प्रारंभिक अवधि अर्थात 2005-06 और 2007-08 के बीच ₹ 2407.79 करोड़ (59 प्रतिशत) की महत्पवूर्ण वसूली की थी। इसके बाद वसूल की गई राशि में तेजी से गिरावट आई जिससे पता चलता है कि अब छोड़े गए मामले अधिक जटिल और मुश्किल हैं।

[2] सकल बकाया ऋण (जीएलओ) प्रावधान से पूर्व एक ऋण है और बकाया शुद्ध ऋण (एनएलओ) प्रावधान घटा जीएलओ है।

1.4 संगठन ढांचा

एसएएसएफ को भारत सरकार द्वारा नियुक्त एक न्यासी बोर्ड (बीओटी) द्वारा प्रबंधित किया जाता है। बोर्ड में एक अध्यक्ष, एक कार्यकारी ट्रस्टी और तीन सदस्य है। 1 जनवरी 2013 से अध्यक्ष और कार्यकारी ट्रस्टी के पदों का विलय कर दिया गया है। ट्रस्टियों का विस्तृत विवरण अनुबंध-II में दिया गया है। न्यासी बोर्ड की सहायता एक मुख्य महाप्रबंधक, एक महाप्रबंधक और 22 अन्य अधिकारियों द्वारा की जाती है।

लेखापरीक्षा ने पाया कि ट्रस्ट की स्थापना से दिसम्बर 2012 तक ट्रस्ट के अध्यक्ष और कार्यकारी ट्रस्टी के पद आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के क्रमश: प्रबंध निदेशक और कार्यकारी ट्रस्टी द्वारा रखे जाते थे। इसके अतिरिक्त, आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के उप प्रबंधक निदेशक 9 जून 2011 से 31 दिसम्बर 2012 तक बीओटी के वैकल्पिक अध्यक्ष और ट्रस्टी थे। इस प्रकार, यह स्पष्ट है कि सभी व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए, एसएएसएफ के बीओटी, किसी भी तरीके से आईडीबीआई से संबंधित थे और जिससे यह "अपने लिए समायोजन सुविधा" नीति दर्शाता है। संयोग से, यह भी देखा गया कि श्री शैलेश हरिभक्ति, मै. हरिभक्ति एण्ड क., चार्टर्ड एकाउंटेंट के सहयोगी, जिन्होंने ट्रस्ट के हस्तांतरण से पहले आईडीबीआई के स्ट्रेस्ड एसेट और ऋण दस्तावेजों को सत्यापित/प्रमाणित किया था, भी 27 अक्टूबर 2004 से 8 जून 2011 तक एसएएसएफ के बीओटी के ट्रस्टी थे।

1.5 स्टाफ की उपलब्धता

ट्रस्ट डीड के खण्ड 18(ए) के अनुसार, एसएएसएफ के अनुरोध पर आईडीबीआई, उस उद्देश्य जिसके लिए इस ट्रस्ट को बनाया गया था, को पूरा करने के लिए ट्रस्ट के प्रबंधन हेतु पर्याप्त संख्या में अपेक्षित योग्यता वाला स्टाफ उपलब्ध करवाएगा। वेतन और अन्य अनुलाभ आईडीबीआई द्वारा वहन किए जाएंगे।

लेखपरीक्षा ने पाया कि:

- ट्रस्ट ने (2004) कर्मचारी आवश्यकताओं का जरूरत के आधार पर मूल्यांकन नही किया था।
- 2005 में नियुक्त अधिकारियों की संख्या 50 थी जोकि 2013 में कम होकर 24 रह गई थी।
- ट्रस्ट ने तदर्थ आधार पर अतिरिक्त श्रमशक्ति के लिए प्रस्ताव दिए थे (जुलाई 2012, अक्टूबर 2012, मार्च 2013 और अप्रैल 2013)। भेजे गए प्रस्तावों में स्टाफ की आवश्यकता के लिए विशिष्ट संख्या का उल्लेख नहीं किया था। जुलाई 2012 से पूर्व कोई लिखित प्रस्ताव नही दिया गया था।

- 2005 से 2013 के दौरान, मूल निकाय आईडीबीआई के 121 कर्मचारियों को ट्रस्ट में कार्य के लिए किसी भी समय प्रतिनियुक्त किया गया था।
- 121 (51 प्रतिशत) में से 62 कर्मचारियों ने एसएएसएफ के साथ दो वर्षों से कम समय के लिए कार्य किया था और 62 कर्मचारियों में से 25 ने एक वर्ष से कम समय के लिए कार्य किया था।
- 121 कर्मचारियों में से केवल 16 को ही वसूली का अनुभव था।
- एसएएसएफ में प्रतिनियुक्त स्टाफ में ऐसे चार अधिकारी शामिल थे जिनके खिलाफ अनुशासनात्मक मामले थे।

चूंकि एसएएसएफ की वसूली प्रक्रिया में बातचीत और स्ट्रेस्ड एसेट का निपटान भी सम्मिलित हैं, विवेक के लिए गुंजाइश है। इसके अतिरिक्त, स्ट्रेस्ड और कठिन ऋण होने के कारण, आईडीबीआई द्वारा ट्रस्ट में वसूली के अनुभव वाले स्टाफ को नियुक्त करने की आवश्यकता है। तथापि, 121 कर्मचारियों में से केवल 16 को वसूली का अनुभव था।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि जबकि ट्रस्ट को ₹ 9000 करोड़ के संदिग्ध ऋण की वसूली का कष्टसाध्य कार्य दिया गया था कोई औपचारिक श्रमशक्ति नियोजन और तैनाती नही की गई थी। कर्मिकों के कार्यकाल की स्थिरता के अभाव के अलावा, आईडीबीआई द्वारा तदर्थ तरीके से श्रमशक्ति प्रबन्धन अधिकतर अनौपचारिक आधार पर किया गया था। प्रबंधन संरचना से जांचते हुए यह कहा जा सकता है कि ट्रस्ट ने लगभग आईडीबीआई के विस्तारण के रूप में कार्य किया।

ट्रस्ट ने बताया (अगस्त 2013) कि उन्होंने भारत सरकार, वित्त मंत्रालय के साथ साथ आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के साथ मामले को उठाया था और आईडीबीआई बैंक लिमिटेड ने पहले से ही सात अधिकारियों को नियुक्त कर दिया था।

1.6 स्ट्रेस्ड एसेट की वसूली के लिए स्थापित प्रक्रिया

ट्रस्ट डीड के अनुसार, न्यासी बोर्ड को पुनर्गठन, उधार कार्त्ताओं के साथ समझौते, कानूनी उपाय, या ऐसे उपाय अपना कर जो वह उचित समझे, जिसमें भू राजस्व के बकाया की उनकी वसूली सम्मिलित है पर सीमित नहीं, द्वारा स्ट्रेस्ड एसेट की वसूली की शाक्तियां दी गई थीं। बीओटी ने अधिकारियों की समिति (सीओओ) और कार्यकारी समिति (ईसी) को शक्तियों के प्रत्यायोजन सहित देयों के निपटान के लिए एक संक्षिप्त नीति और प्रक्रिया बनाई (दिसम्बर 2004) और बीओटी ने अप्रैल 2005 में सीओओ और ईसी को शक्तियों के प्रत्यायोजन सहित विस्तृत वसूली नीति का अनुमोदन किया था। जुलाई 2006 में नीति की समीक्षा और संशोधन किया गया था।

नीति का मुख्य केन्द्र कम से कम समय में प्राथमिकता के आधार पर एकमुश्त निपटान (ओटीएस) या बातचीत से हल (एनएस) का सहारा लेकर परिसम्पत्तियों में फंसी राशि की वसूली था। संभावित रूप से व्यवहार्य मामलों पर पुनर्गठन पर विचार किया जा सकता है और न्यूनतम देयों के पुनर्गठन में सम्पूर्ण मूलधन और ब्याज सम्मिलित हो सकता है। पुनर्गठित स्थायी मूलधन पर ब्याज दर सामान्य रूप से 200 आधार अंकों की एक बराबर दर से कम नही होगा जोकि औसत लाभ आधार पर आईडीबीआई के बेंचमार्क प्राइम लेंडिंग दर (बीपीएलआर) से कम होता है। वसूली नीति का मूल उद्देश्य एक व्यावाहारिक और लचीला दृष्टिकोण लाने के बारे में था जिससे स्टेस्ड एसेट का समाधान अनुकूल रूप से हो और इन परिसम्पत्तियों में फंसी राशि की वसूली कम से कम समय में हो सके।

वसूली नीति के मुख्य सिद्धान्त थे:

- चूंकि आईडीबीआई द्वारा उसके दिशानिर्देशों के अनुसार पुनर्गठन/वसूली के सभी संभव प्रयत्न करने के बाद एसएएसएफ को लेखों का हस्तांतरण किया गया था, बुनियादी दृष्टिकोण व्यावहारिक और यथार्थवादी होना चाहिए था। (अध्याय I)
- एक मामले में निर्णय लेते समय, कितनी तेजी से वसूली की जा सकती है, यह मुख्य मानदण्ड होगा। (अध्याय I)
- अपनाया जाने वाला दृष्टिकोण प्रत्येक मामले की परिस्थितियों, प्रकृति और विशेषताओं पर निर्भर होना चाहिए। (अध्याय I)
- ओटीएस/एनएस पर पहुचंने में, कम से कम समय में अधिकतम राशि की वसूली के प्रयास किए जाने चाहिए। जहाँ प्रतिभूतियों का मूल्य देयों को कवर करने में पर्याप्त है, वहाँ अधिकतम राशि की वसूली के प्रयास किए जाने चाहिए। (अध्याय III)
- मूल्यांकन एसएएसएफ/अन्य प्रतिभूति ऋणदाता/न्यायालय द्वारा नियुक्त मूल्यांकनकर्ता द्वारा किया जाना चाहिए। प्रतिभूति के मूल्य में उपलब्ध समर्थक (यथानुपात आधार पर) और सांविधिक देयताओं की राशि और मजदूरों को बकाया देय सहित निपटान राशि के लिए आधार बनाएंगे। यदि परिस्थितियाँ जैसे मौजूदा मूल्यांकन पुराना होना, परिसम्पत्ति के मूल्य में अस्थिरता इत्यादि प्रमाणिक हों तो नए मूल्यांकन की मांग की जा सकती है। (अध्याय III)
- ओटीएस के माध्यम से समझौता राशि का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर एक मुश्त या 12 माह की अधिकतम अवधि मे किया जाएगा। एनएस के

माध्यम से समझौता राशि का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर 36 माह की अधिकतम अवधि में किया जाएगा। योग्य मामलों में इसे 60 माह तक विस्तारित किया जा सकता है। एनएस राशि में सामान्यतया ब्याज होता है, जिसकी दर का निर्णय नकदी प्रवाह पर निर्भर होता है, जोकि सामान्यतया 200 आधार अंको की एक बराबर दर से कम नही होगा जोकि औसत लाभ आधार पर आईडीबीआई के बीपीएलआर से कम होता है उन मामलों में जहाँ एनएस अवधि 24 माह से अधिक हो प्रत्येक 24 माह की समाप्ति पर पुन: ब्याज लगाने के लिए उचित अनुबंध समाविष्ट करने चाहिए। (अध्याय III)

1.7 शक्तियों का प्रत्यायोजन

देयों और समझौता निपटान के पुनर्गठन अर्थात ओटीएस/एनएस के संबंध में शक्तियों का प्रत्यायोजन निम्नानुसार था (जुलाई 2006 की वसूली नीति का अध्याय VI):

क्रम संख्या	प्राधिकार	शक्तियां
1	अधिकारियों की समिति (सीओओ) 31 दिसम्बर 2012 तक कार्यकारी ट्रस्टी और तीन अधिकारियों के ट्रस्ट से मिलकर बनती है। 1 जनवरी 2013 से इसमें अध्यक्ष और कार्यकारी ट्रस्टी, मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधक, एक वरिष्ठतम उप महाप्रबंधक और उप महाप्रबंधक (विधि) हैं।	देयों का पुनर्गठन: बकाया देयताओं का पुनर्गठन शामिल ऋण राशि पर ध्यान दिए बिना अधिकारियों की समिति द्वारा अनुमोदित किया जाएगा बशर्ते (क) बकाया मूलधन और साधारण ब्याज की छूट न हो (ख) पुनर्गठन मूल राशि पर ब्याज दर से 200 बीपीएस के बराबर दर से कम न हो जोकि आईडीबीआई के बीपीएलआर से कम है (औसत मुनाफा)।
		देयों का समझौता निपटान (क) घाटा मूल बकाया ऋण (सकल) के संबंध में होगा। (ख) सीओओ जीएलओ के साथ उन मामलों को छोड़कर जो किसी क्रेडिटर द्वारा इरादतन चूक के रूप में घोषित हों ₹ 10 करोड़ तक और सहित सभी मामलों पर विचार और अनुमोदन कर सकता है और

		ओटीएस/एनएस का अनुमोदन कर सकता है यदि ओटीएस/एनएस राशि एसएएसएफ बुक में जीएलओ से कम न हो। ऐसे सभी अनुमोदन इसी को सूचित किए जाएगें। (ग) सीओओ उधारकर्त्ता के खाते के लम्बित निपटान पर उचित क्षतिपूर्ति के भुगतान पर गारंटी देने पर विचार और अनुमोदन कर सकता है।
2	कार्यकारी समिति (ईसी) - में अध्यक्ष, कार्यकारी ट्रस्टी और न्यासी बोर्ड के दो सदस्य होते है।	ईसी जीएलओ के साथ ₹ 50 करोड़ तक और सहित सभी ओटीएज/एनएस मामलों पर विचार और अनुमोदन करेगा। 21 दिसम्बर 2011 को हुई बीओटी बैठक में यह निर्णय लिया गया कि बोर्ड अर्थात् कार्यकारी समिति और कार्यकारी समिति को प्रत्यायोजित शक्तियाँ जो इसके बाद बोर्ड द्वारा प्रयोग की जाएंगी, के लिए एक अलग उप-समिति की जरूरत नही थी।
3	न्यासी बोर्ड (बीओटी) में अध्यक्ष और कार्यकारी ट्रस्टी और तीन सदस्य होते हैं।	(i) ओटीएस/एनएस के संबंध में जीएलओ के साथ ₹ 50 करोड़ से अधिक के सभी मामलों पर न्यासी बोर्ड द्वारा विचार और अनुमोदन किया जाएगा। (ii) किसी भी कारण से एलसी द्वारा मंजूर न किए गए अपवादात्मक मामलों को यदि कार्यकारी समिति द्वारा आवश्यक और वाछंनीय समझा जाए तो न्यासी बोर्ड को भी भेजा जा सकता है। (iii) वह मामले जिन्हें बैंक/संस्थानों द्वारा राशि पर ध्यान दिए बिना जानबूझ

		कर चूककर्ता घोषित किया गया हो, पर बीओटी द्वारा विचार और अनुमोदन किया जाएगा।
4	अनुवीक्षण समिति (एससी) में अध्यक्ष और दो सदस्य होते हैं।	एसएएसएफ बहियों में बकाया मूल ऋण के बही मूल्य से कम पर निपटान के प्रस्तावों के सभी समझौतों (दिसम्बर 2004 के शक्तियें के प्रत्यायोजन के अनुसार, यह बकाया सकल मूल ऋण था) को इस समिति के समक्ष रखा जाएगा। एससी से अपेक्षित है कि वह निपटान के औचित्य की जाँच करेगा और यदि स्वीकार्य पाया जाएगा, तो एससी सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदन के लिए मामले को मंजूरी दे सकता है।

लेखापरीक्षा में यह पाया गया कि उधारकर्ता/सहायको द्वारा दी गई व्यक्तिगत गारंटियों के उपचार पर एसएएसएफ के कोई विशिष्ट दिशानिर्देश नही थे। न्यास ने गारंटरों की परिसम्पत्तियों या उनके आयकर रिर्टनों की प्रतियों का ब्यौरा जमा नही किया था।

1.8 लेखापरीक्षा का कार्यक्षेत्र और उद्देश्य

एसएएसएफ की लेखापरीक्षा निम्नलिखित लेखापरीक्षा उद्देश्यों के साथ की गई थी और न्यास की स्थापना से 31 मार्च 2013 तक की अवधि को कवर किया गया था। व्यापक रूप से लेखापरीक्षा का उद्देश्य यह आंकलन करने के लिए किया गया था कि क्या:

- न्यास ने वसूल की गई राशि को सरकार को न्यास विलेख के अनुसार वापिस किया और हस्तांतरित राशि के बराबर विशेष प्रतिभूतियों को परिसमाप्त किया और तदनुसार ऋण राशि को कम किया;
- एसएएसएफ बोर्ड ने स्ट्रेस्ड परिसम्पत्तियों की वसूली के लिए निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया स्थापित की थी;
- बोर्ड ने स्थापित प्रक्रियाओं के अनुसार स्ट्रेस्ड परिसम्पत्तियों की वसूली के कदम उठाए;
- स्ट्रेस्ड परिसम्पत्तियों के परिसमापन के मामले में परिसम्पत्तियों की अधिकतम प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए उचित मूल्यांकन किया गया;

- सहयोगियों से व्यक्तिगत गारंटियां व्यक्तिगत परिसम्पत्तियों के ब्यौरे के साथ रिकार्ड में उपलब्ध थीं; ट्रस्ट उनसे आय कर रिटर्न की प्रतियां जमा कर रहा था और अन्य उपायों की विफलता की स्थिति में, व्यक्तिगत गारंटी/उपयोग करने, स्ट्रेस्ड परिसम्पत्ति की जब्ती और परिसमापन जैसे अन्तिम उपायों को तुरन्त किया गया; और
- न्यास स्ट्रेस्ड परिसम्पत्तियों की वसूली के नियत उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए सही रास्ते पर था।

1.9 लेखापरीक्षा नमूना चयन

लेखापरीक्षा जाँच के लिए 631 में से 88 मामलों का नमूना चयन स्तरीकृत तरीके से किया गया था जैसा नीचे दर्शाया गया है। नमूने में स्ट्रेस्ड परिसम्पत्तियों के कुल मूल्य का 62.77 प्रतिशत कवर किया गया था। एनएलओ के साथ ₹ 25 करोड़ से ऊपर के सभी 52 मामलों का चयन किया गया था।

₹ करोड़ में

वर्ग	मामलों की संख्या	एनएलओ	चयनित मामलों की संख्या	एनएलओ
डिक्री मामले	55	468.65	8	214.30
वाद दाखिल मामले	254	3078.62	28	1836.82
डिक्री/वाद दाखिल मामलों के अलावा	322	5269.83	52	3602.46
आईडीबीआई को वापिस हस्तांतरित किए गए आठ मामलों के संबंध में एनएलओ की वसूली और समायोजन	--	189.17[3]	--	--
कुल	**631**	**9,006.27**	**88**	**5,653.58**

[टिप्पणी: स्ट्रेस्ड मामलों के हस्तांतरण के समय, आईडीबीआई ने वाद दाखिल मामलों में वसूली के लिए मुकदमा दायर किया और डिक्री मामलों में डिक्री हासिल की (वसूली आदेश)]।

[3] ₹ 189.17 करोड़ में से ₹ 93.60 करोड़ एसएएसएफ द्वारा वसूली गई राशि थी और शेष ₹ 95.57 करोड़ आईडीबीआई को वापिस हस्तांतरित आठ मामलों के एनएलओ में कमी के कारण था।

1.10 आभार

वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग को 6 नवम्बर 2013 को ड्राफ्ट रिपोर्ट जारी की गई थी। 30 जनवरी 2014 को उत्तर प्राप्त हुए थे। एसएएसएफ और मंत्रालय के उत्तरों को जहाँ उपयुक्त समझा गया समाविष्ट किया गया है।

लेखापरीक्षा के विभिन्न स्तरों पर एसएएसएफ प्रबंधन और वित्त मंत्रालय द्वारा दिए गए सहयोग और सहायता के लिए उनका आभार व्यक्त करती है।

अध्याय II
एसएएसएफ और सरकार

2.1 एसएएसएफ को आईडीबीआई के एनपीएज़ का हस्तांतरण

मार्च 2004 तक आईडीबीआई की नोन परफार्मिंग परिसम्पत्तियां लगभग ₹ 9000 करोड़ थी। एसएएसएफ को इन स्ट्रेस्ड परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण के बाद आईडीबीआई के एनपीएज 2002-03 के दौरान 14 प्रतिशत से सितम्बर 2004 में 2 प्रतिशत तक तेजी से गिरे ।

इन परिसम्पत्तियों के अधिग्रहण में भारत सरकार द्वारा किए गए संव्यवहार में कोई तत्काल नकद व्यय शामिल नहीं है। भारत सरकार ने उस न्यास को ₹ 9000 करोड़ का ऋण दिया जिसने बदले में भारत सरकार द्वारा आरम्भ की गई शुन्य ब्याज की सरकार विशेष प्रतिभूति और 20 वर्षों में विमोच्य में राशि का निवेश किया था। प्रतिभूतियों को समान राशि के एनपीएज के बदले में आईडीबीआई को न्यास द्वारा प्रदान कर दिया गया था। न्यास को एनपीएज के हस्तांतरण की व्यवस्था आईडीबीआई की नोन परिफार्मिंग परिसम्पत्तियों की लागत के बराबर था। कार्य की मौजूदा योजना के अनुसार भारत सरकार को 2024 में वसूल नही की गई शेष परिसम्पत्तियों के मूल्य तक विशेष प्रतिभूतियों को छोड़ना होगा। इसके बावजूद व्यवस्था में कोई तत्काल नकद व्यय शामिल नहीं था। जब प्रतिभूतियों को छोड़ा जाता है तब यह उक्त के लिए देयता का सृजन करती है।

इस प्रकार, भारत सरकार ने प्रभाविकता से भविष्य देयता के सृजन द्वारा आईडीबीआई के एनपीएज की जिम्मेदारी ली। चूककर्ता उधारकर्ताओं की सहायता के अलावा इसने आईडीबीआई के दूसरे शेयर धारकों को भी लाभ पहुँचाया क्योंकि हस्तांतरण के समय भारत सरकार के पास कुल शेयरों का 58.47 प्रतिशत (अनुबंध III) था।

2.2 वसूल की गई निधि भारत सरकार को सौंपना

न्यास करार के अनुसार, न्यासी स्ट्रेस्ड परिसम्पत्त्यिों की वसूली करेगा और वसूल की गई राशि का भुगतान सरकार को करेगा तथा प्रत्येक फरवरी के अन्त में सरकार न्यास से प्राप्त की गई राशि का भुगतान आईडीबीआई को करेगी। विशेष प्रतिभूतियों को सरकार से प्राप्त भुगतान की सीमा तक छोड़ा जाएगा। 2004-05 से 2012-13 से आईडीबीआई की दर्शाई गई निर्धारित वसूली, वसूली गई राशि, छोड़ी गई राशि और शेष राशि से संबंधित ब्यौरों को नीचे दिया गया है :

₹ करोड़ में

वर्ष	निर्धारित वसूली	वसूल की गई राशि	छोड़ी गई राशि
2004-05	1000.00	200.50	134.00
2005-06	650.00	723.38	637.00
2006-07	1500.00	927.68	863.00
2007-08	750.00	756.73	750.00
2008-09	400.00	281.16	475.00
2009-10	400.00	322.68	300.00
2010-11	300.00	332.53	300.00
2011-12	300.00	224.26	300.00
2012-13	300.00	302.22	300.00
कुल	**5,600.00**	**4,071.14**	**4,059.00**

निर्धारित वसूली के तुलना में ₹ 1,528.86 करोड़ की वसूली में गिरावट थी।

अधिकतर वसूली न्यास की शुरूआती अवधि में अर्थात 2005-06 और 2007-08 के बीच की गई थी। इसके पश्चात वसूल की गई राशि में विशेष गिरावट आई जो दर्शाती है कि बाकी बचे मामले अधिक जटिल और दुश्कर हैं।

2.3 आईडीबीआई द्वारा एसएएसएफ के व्ययों की प्रतिपूर्ति

न्यास की प्रशासन संबंधी सभी लागतें न्यास करार के खण्ड 18 (सी) के अनुसार आईडीबीआई द्वारा वहन की गई है। उधारकर्ताओं की परिसम्पत्तियों के संरक्षण पर हुए ₹ 72.86 करोड़ के व्यय (2004-05 से 2011-12 तक) की प्रतिपूर्ति आईडीबीआई को उधारकर्ताओं से की गई वसूलियों से की गई थी। लेकिन न्यास के लिए परिसम्पत्तियों के संरक्षण पर हुए व्यय का वहन आईडीबीआई द्वारा किया जाएगा। इसके अलावा, स्ट्रेस्ड परिसम्पत्तियों के उदग्रहण से ऐसी राशि की वसूली के लिए न्यास करार में कोई प्रावधान नहीं है। परन्तु न्यास करार का खण्ड 18 (सी) स्पष्ट रूप से उल्लेख करता है कि न्यास की प्रशासन संबंधी सभी लागतों का वहन आईडीबीआई द्वारा किया जाएगा। इस प्रकार, इस राशि को भी भारत सरकार को हस्तांतरित किया जाना चाहिए। ऐसा न करके भारत सरकार का उत्तरदायित्व काफी हद तक बढ़ गया है क्योंकि स्ट्रेस्ड परिसम्पत्तियों की पूर्ण वसूली असम्भव है, इसलिए, भारत सरकार को 2024 में बकाया विशेष प्रतिभूतियों को छोड़ना पड़ेगा।

अपने जवाब में मंत्रालय ने लेखापरीक्षा को सूचना दी कि चूंकि न्यास करार का खण्ड 18(सी) बताता है कि आईडीबीआई न्यास के प्रशासन संबंधी व्ययों का वहन करेगा, इसलिए एसएएसएफ की राशि को लौटाने के लिए बैंक को निर्देश देने का निर्णय लिया गया था।

अध्याय III
स्ट्रेस्ड परिसम्पत्तियों का अस्वीकार्य विनिमय

3.1 न्यास के गठन के बाद परिसम्पत्तियों का अस्वीकार्य विनिमय

सितम्बर 2004 और मई 2005 के बीच छः स्थानांतर/ समनुदेशन /गिरवी करार का हस्तांतरण के निष्पादन द्वारा आईडीबीआई ने एसएएसएफ को ₹ 9004 करोड़ के कुल ऋण बकाया सहित 636 स्ट्रेस्ड परिसम्पत्तियॉ प्रदान की।

तथापि, आईडीबी बैंक ने दूसरी स्ट्रेस्ड परिसम्पत्तियों के लिए प्रतिवर्तन मामलों के विनिमय हेतु भारत सरकार को प्रस्ताव प्रस्तुत किए (फरवरी 2006/अप्रैल 2006)। मामलों का विनिमय अनुमति योग्य नहीं था क्योंकि एसएएसएफ के गठन का उद्देश्य केवल 31 मार्च 2004 तक मौजूद एनपीएज़/सम्भावित एनपीएज को अधिकार में लेना था। इस प्रकार, कोई अनुवर्ती विनिमय अनुमत नहीं था।

भारत सरकार ने आईडीबीआई बैंक को सूचना दी (मई 2006) कि मौजूदा स्ट्रेस्ड एसेट स्टेबिलाईजेशन फंड एक विशेष उद्देश्य अर्थात उस समय के लिए स्ट्रेस्ड परिसम्पत्तियों हेतु बनाया गया था और एसएएसएफ के कार्यक्षेत्र और जीवन को बढाना अनुपयुक्त होगा।

इसके बावजूद, आईडीबीआई बैंक के बोर्ड ने निर्णय लिया(जून 2006) और न्यास बोर्ड ने ₹ 1,335.29 करोड़ के एनएलओ सहित तीन नए मामलों के लिए ₹1,522.29 के एनएलओ एसजेके स्टील प्लांट लिमिटेड (एनएलओ ₹ 603.42 करोड़), एसपीआईसी पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एनएलओ ₹ 528.46 करोड़) और श्री विष्णुप्रिय इन्डस्ट्रीज लि. (एनएलओ ₹ 203.41 करोड़) सहित आठ प्रतिवृति मामलों के विनिमय का अनुमोदन (24 जून 2006) किया। हस्तांतरण करार मामलों के विनिमय के लिए आईडीबीआई बैंक और एसएएसएफ के बीच कार्यान्वित (28 जून 2006) किया गया था।

लेखापरीक्षा ने पाया कि 2006 में आईडीबीआई को हस्तांतरित किए गए आठ मामलों में ₹ 1,522.29 करोड़ के कुल एनएलओ के प्रति ₹ 1,659 करोड़ की वसूली की गई थी। दूसरी तरफ न्यास को हस्तांतरित किए गए तीन मामलों की स्थिति निम्नलिखित है:

₹ करोड़ में

क्रम सं.	उधारकर्ता का नाम	आयोजक का नाम	एनएलओ	वसूल की गई राशि
1	एसजेके स्टील प्लांट लि.	श्री वाई. जीथिन कुमार और वाई जनार्धन रॉय	603.42	359.41
2	एसपीआईसी पेट्रोकेमिकल्स	डा. ए.सी. मुथैय्या	528.46	0.71
3	श्री विष्णुप्रिया इन्डस्ट्रीज लि.	श्री एन.एच.सी सिवा रेड्डी , श्री आर. नेगी रेड्डी और एसोसिएट	203.41	0.20

इस प्रकार इस अस्वीकार्य विनिमय, जोकि भारत सरकार द्वारा अनुमोदित नही था, ने आईडीबीआई को लाभ पहुँचाया। आईडीबीआई को हस्तांतरित परिसम्पतियों पर वसूली एनएलओ से भी अधिक थी। विनिमय में न्यास द्वारा प्राप्त की गई परिसम्पत्तियों पर वसूली न्यूनतम थी।

3.2 तीन विनमय किए गए मामलों के निपटान की स्थिति

एसपीआईसी पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एनएलओ ₹ 528.46 करोड़, वसूले गए ₹ 0.71 करोड़)

ऐसेट रिकन्स्ट्रक्शन कम्पनी (इंडिया) लिमिटेड (एआरसीआईएल) (जिसने आईसीआईसीआई बैंक, बैंक आफ बड़ोदा, देना बैंक और भारतीय स्टेट बैंक से ऋण अधिगृहीत किया और एसएएसएफ के बाद कम्पनी पर दूसरी सबसे बडी भार धारक थी) के आग्रह पर (अप्रैल 2010), एसएएसएफ ने उक्त अधिनियम के अन्तर्गत एसपीआईसी पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एसपीएल) के विरूद्ध कार्रवाई करने के लिए एआरसीआईएल को सरफेसी अधिनियम के तहत सहमति दी थी।

तथापि, लेखापरीक्षा विश्लेषण ने दर्शाया कि एसपीएल से ₹ 528.46 करोड़ की वसूली निम्नलिखित कारणों से सम्भव नही थी:

आईडीबीआई द्वारा एसएएसएफ को हस्तांतरित स्ट्रेस्ड परिसम्पत्तियों के लिए उपलब्ध प्रतिभति कोस्सापुर, चेन्नई में स्थित एसपीएल की चल और अचल परिसम्पत्तियों पर भू-प्रभार था। तथापि, एसएएसएफ को निम्नलिखित कारणों से किसी प्रतिभूति को लागू करने में कठिनाई होगी:

(क) तमिलनाडु सरकार द्वारा एसपीएल को आबंटित भूमि दूसरी कम्पनी ऐरोकेम को आबंटित भूमि का भाग थी-एसपीआईसी का संयुक्त उद्यम। चूंकि, परियोजना आरम्भ नही हो रही थी तो इसे अस्थायी आधार पर एसपीआईसी को आबंटित कर दिया गया था जो एरोकेम के साथ अनिच्छुक समेकन का विषय था।

(ख) भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 1984 की धारा 44 ए के अनुसार राज्य सरकार द्वारा आबंटित भूमि को राज्य सरकार की पूर्व मंजूरी के बिना गिरवी नहीं रखा जा सकता । राज्य सरकार द्वारा ऐसी मंजूरी के प्रमाण को उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया जा सकता;

(ग) एसपीएल और तमिलनाडु सरकार के बीच करार की शर्तों के अनुसार एसपीएल के लिए अधिग्रहण की लागत का भुगतान करना अपेक्षित था, जिसमें विफल रहने पर भूमि सरकार द्वारा पुन: वापस ली जानी थी और एसपीएल को बन्द करते समय भूमि तमिलनाडु सरकार द्वारा वापस ली जानी थी। मद्रास उच्च न्यायालय में अक्तूबर 2012 में हुई सुनवाई में तमिलनाडु सरकार ने यह कहते हुए जवाबी आवेदन दायर किया कि प्रत्याभूत विक्रेता के पास ऋण नहीं था और यह कि भूमि को करार की शर्तों के अनुसार तमिलनाडु सरकार द्वारा पून: प्राप्त कर लिया जाना चाहिए; और

(ग) ₹ 400 करोड़ (लगभग) के आयातित उपस्कर सीमा शुल्क विभाग के संरक्षण में एसपीएल परिसर में पड़े थे। आयुक्त, सीमा शुल्क (आयात) ने अगस्त 2004 में एसपीएल को ज्ञापन जारी किया और ₹ 456 करोड़ की अपनी देय राशि की वसूली के लिए ऋण वसूली न्यायालय मुम्बई के समक्ष मई 2005 में अन्तस्थ आवेदन दायर किया।

आईडीबीआई द्वारा ऋण संवितरण के समय कोई व्यक्तिगत प्रतिभूति नहीं ली गई थी।

चूंकि अचल सम्पत्ति की बिक्री पर रोक आदेश था, तथापि एआरसीआईएल चल सम्पति को बेचने का प्रयत्न कर रही थी जिसका आरक्षित मूल्य ₹ 20.93 करोड़ की नगण्य राशि था। न्यास का यथानुपात उपलब्ध नही था।

3.2.2 श्री विष्णुप्रिया इन्डस्ट्रीज लिमिटेड (एनएलओ ₹ 203.41 करोड़; वसूले गए ₹ 0.20 करोड़)

पार्टी की परिसम्पत्तियों का कुल वसूली योग्य मूल्य ₹ 66.91 करोड़ की आयातित मशीनरी, जिस पर केन्द्रीय उत्पाद शुल्क प्राधिकरण ने दावे किए थे, को छोड़ कर

₹ 18.17 करोड़ था। आन्ध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने संरक्षित परिसम्पत्तियॉ (भूमि और आयातित मशीनरी को छोड़कर) की बिक्री के लिए आधिकारिक परिसम्पत्तियों को आदेश दिया था। बिक्री अभी पूरी की जानी थी (मार्च 2013)। इस मामले में व्यक्तिगत प्रतिभूतियां उपलब्ध थी लेकिन वह सम्पत्ति ब्योरे के बिना थी।

3.2.3 एसजेके स्टील प्लांट लिमिटेड (एनएलओ ₹ 603.42 करोड़ वसूले गए ₹359.41 करोड़)

₹ 603.42 करोड़ के एनएलओ के प्रति न्यास ने मार्च 2013 तक ₹ 359.41 करोड़; प्राप्त किए थे जिसके परिणामस्वरूप ₹ 244.01 करोड़ का घाटा हुआ।

मंत्रालय ने अपने जवाब में कहा कि यद्यपि परिसम्पत्तियों के विनिमय एसएएसएफ के गठन के उद्देश्य और कार्यक्षेत्र के अनुरूप नहीं थे जिन्हें परिसम्पत्तियों के विनिमय के प्रस्ताव को मई 2006 में आईडीबीआई से प्राप्त करते समय भारत सरकार द्वारा दोहराया गया था, बैंक ने बैंक के हित में और कुछ स्ट्रेस्ड परिसम्पत्तियों जिनमें पुनर्जीवन की सम्भावना थी को बचाने के लिए व्यवसायी निर्णय लिया था । तथापि, चूंकि भारत सरकार परिसम्पत्तियों के विनिमय के लिए बैंक के प्रस्ताव से सहमत नही थी, लेखापरीक्षा के निष्कर्षों को मंत्रालय ने स्वीकार कर लिया था और आईडीबीआई बैंक को विभिन्न् विनियामक प्राधिकरणों, बोर्ड सरकार आदि से अनुमोदन प्राप्त करने जैसे आवश्यक उपायों, यदि कोई है, और यथा सम्भव 2006-07 में परिसम्पत्तियों के विनिमय से पूर्व की स्थिति को सुधारने के लिए वित्त वर्ष 2014-15 से शुरू अगले तीन से पांच वर्षों में प्रक्रिया को पूरा करने और बैंक द्वारा अधिग्रहण की गई परिसम्पत्तियो के मूल्य के बराबर बैंक द्वारा प्राप्त विशेष प्रतिभूतियों की परिणामी विमुक्ति सहित सभी नैदानिक उपाय करने का निर्देश दिया जा रहा था क्योकि इस समय पर एसएएससफ आईडीबीआई द्वारा पून: वितपोषित की जा रही परिसम्पत्तियों और उनके वास्तविक मूल्य तथा परिवर्तित स्वरूप को वापस नही ले सकता ।इसके अतिरिक्त, बैंक को तीन परिसम्पतियों जिन्हें एसएएसएफ को विनिमय में दिया गया है को वापस लेने का भी निर्देश दिया जा रहा था।

अध्याय IV
स्ट्रेस्ड परिसम्पत्तियों की वसूली

4.1 आईडीबीआई द्वारा एसएएसएफ को मामलों के हस्तांतरण के समय मामलों को सामान्य मामले, मुकद्दमा दायर किए गए मामलें और डिक्री मामलों के रूप में वर्गीकृत किया गया था। 9 वर्षों की अवधि के बाद न्यास 319 मामलों को निपटाने[4], 101 मामलों को समाधित[5] करने में सफल रहा और अब 211 असमाधित[6] मामले थे। 31 मार्च 2013 तक निपटाए गए, समाधित और असमाधित मामलों को ब्यौरों को नीचे दिया गया है:

₹ करोड़ में

क्रम सं.	विवरण	मामलों की संख्या	एनएलओ	31 मार्च 2013 तक वसूली गई राशि	शेयर के माध्यम से निपटान	कुल [(v) + (vi]	एनएलओ (vii – iv) की तुलना में कम (-)/ अतिरिक्त वसूली
(i)	(ii)	(iii)	(iv)	(v)	(vi)	(vii)	(viii)
निपटाए गए मामलें							
1	एनएलओ से कम वसूली	150	1964.86	1025.59	24.10	1049.69	(-) 915.17
2	एनएलओ से अधिक या बराबर वसूली	169	968.26	1473.24	38.56	1511.80	(+) 543.54
3	**कुल निपटाए गए मामले (1+2)**	**319**	**2933.12**	**2498.83**	**62.66**	**2561.49**	**(-) 371.63**
समाधित मामलें							
4	एनएलओ से कम वसूली	60	2650.30	785.32	43.62	828.94	(-) 1821.36
5	एनएलओ से अधिक या बराबर वसूली	41	227.99	371.70	19.85	391.55	(+) 163.56
6	**कुल समाधिक मामलें (4+5)**	**101**	**2878.29**	**1157.02**	**63.47**	**1220.49**	**(-)1657.80**
असमाधित मामले							
7	कोई वसूली न किए गए मामलें	79	625.32	0.00	0.00	0.00	(-) 625.32

[4] एसएएसएफ के संबंध में निपटान नकद और शेयर से किया गया है। शेयरों को बेचकर या वापस खरीदकर राशि की वसूली के अलग कोई अतिरिक्त वसूली अपेक्षित नहीं है।

[5] एसएएसएफ के संबंध में यह निपटान कि लिए एक करार है किन्तु वसूली का कार्य लम्बित है।

[6] एसएएसएफ के संबंध में यह मामले जिनका निपटान नहीं किया गया है।

8	एनएलओ से कम वसूली	117	2295.33	218.53	70.89	289.42	(-) 2005.91
9	एनएलओ से अधिक या बराबर वसूली	15	85.04	99.54	7.79	107.32	(+) 22.28
10	**कुल असमाधित मामले (7+8+9)**	**211**	**3005.69**	**318.07**	**78.69**	**396.75**	**(-)2608.94**
11	**असंगत**	**0**	**0.00**	**3.62**	**0.00**	**0.00**	**0.00**
12	**कुल (3+6+10+11)**	**631**	**8817.10**	**3977.54**	**204.81**	**4182.35**	**(-) 4634.75**
13	**आईडीबीआई को वापस हस्तांतर किए गए आठ मामलों के संबंध में एनएलओ की वसूली या समायोजन**	**समायोजित नही किया गया**	**189.17**	**93.60**	**0.00**	**93.60**	**(-) 95.57**
14	**कुल**	**631**	**9,006.27**	**4,071.14**	**204.81**	**4,275.95**	**4,730.32**

₹ 2933.12 करोड़ के एनएलओ के कुल 319 निपटाए गए मामलों में से 150 को एनएलओ से कम की राशि पर निपटाया गया था। कम वसूली ₹ 915.17 करोड़ के बराबर थी। इसी प्रकार, ₹ 2,878.29 करोड़ के कुल एनएलओ के 101 समाधित मामलों में से 60 मामलों में वसूली ₹ 2,650.30 करोड़ के एनएलओ के प्रति ₹ 828.94 थी जिसके परिणामस्वरूप मार्च 2013 तक ₹ 1,821.38 करोड़ की कम वसूली हुई।

असमाधित श्रेणी में ₹ 625.32 करोड़ के एनएलओ के 79 मामलों में न्यास कोई वसूली नहीं कर सका और शेष 132 मामलों से यह ₹ 2,380.37 करोड़ के एनएलओ के प्रति केवल ₹ 396.75 करोड़ की वसूली कर सका था।

लेखापरीक्षा विश्लेषण ने दर्शाया कि ₹ 25 करोड़ से अधिक के एनएलओ के 52 मामलों में से 19 मामले निपटाए गए थे, नौ मामले समाधित थे और 24 मामले असमाधित रहे। इसके अतिरिक्त, 319 निपटाए गए मामलों में से 300 मामलें ₹ 25 करोड़ से कम एनएलओ के थे जिन्होने दर्शाया कि न्यास छोटे मामलों को निपटाने में सक्षम था और बडे मामलों की भारी संख्या असमाधित रही।

4.2 लेखापरीक्षा ने स्तरीकृत यादृच्छिक प्रतिचयन के आधार पर 88 मामलों की जांच की। सत्वों के उधारकर्ताओं, प्रोत्साहकों के ब्यौरों, व्यक्तिगत प्रत्याभूति के ब्यौरों, एनएलओ, 31 मार्च 2013 तक वसूली गई राशि, शेयर द्वारा व्यवस्थापित राशि और एनएलओ की तुलना में कम/अतिरिक्त वसूली को अनुबंध IV में दिया गया है। मामलों के सार को नीचे दिया गया है:

₹ करोड़ में

विवरण	मामलों की संख्या	एनएलओ	वसूल की गई राशि
निपटाए गए मामले	34	1391.01	967.16
समाधित मामले	15	2326.60	686.03
असमाधित मामले	39	1935.97	208.56
कुल	**88**	**5,653.58**	**1,861.75**

4.3 व्यक्तिगत प्रत्याभूतियों के प्रबंध में कमियां

लेखापरीक्षा में नमूना जांच किए गए 88 मामलों में से ₹ 1,061.85 करोड़ के एनएलओ वाले आठ मामलों के संबंध में ऋण संवितरण के समय आईडीबीआई द्वारा कोई व्यक्तिगत प्रत्याभूति प्राप्त नहीं की गई थी। शेष 80 मामलों के संबंध में न्यास केवल 53 मामलेां के लिए व्यक्तिगत प्रत्याभूति की प्रतियां प्रस्तुत नहीं कर सका। 53 व्यक्तिगत प्रत्याभूतियों की संवीक्षा से पता चला कि केवल निम्नलिखित छः मामलों में सम्पत्ति के ब्यौरें उपलब्ध थे:

₹ करोड़ में

पार्टी का नाम	एनएलओ	शेयर सहित वसूल की गई राशि	प्रत्याभूति ब्यौरें	सम्पत्ति का मूल्य	उपयोग किया गया या नहीं
एसजेके स्टील प्लांट लिमिटेड	603.42	362.18	श्री वाई जनार्धन राव और श्री वाई जीतिन कुमार की व्यक्तिगत प्रत्याभूति (₹ 1449 करोड़)	10.10	उपयोग नही की गई। ओटीएस द्वारा अनुमोदित है
ई आर टेक्सटाईल्स लिमिटेड	77.93	10.35	श्री ग्रांधी ईश्वर राव, श्रीमति ग्रांधी सरस्वती और सुश्री ग्रांधी सरित (₹ 1500 करोड़)	43.80	उपयोग की गई। कम्पनी बीआईएफआर को भेजी गई है।
सुजाना मेटल प्रोडक्टस लिमिटेड	64.66	41.28	श्री वाई एस चौधरी, श्रीनिवास राजू (₹ 15 करोड़)	50.24	उपयोग नही की गई। कम्पनी को कारपोरेट डेट रिस्ट्रकचरिंग मंजूर की गई थी।

शामकेन मल्टीफैब लिमिटेड	37.01	0.00	श्री सुमित चतुर्वेदी, श्री एचबी चतुर्वेदी, श्री संजय चतुर्वेदी और श्री अमित चतुर्वेदी (प्रत्येक ₹ 15 करोड़)	6.40	उपयोग की गई। सरफेसी कार्रवाई आरम्भ की गई और मामला डीआरटी में लम्बित है।
दिवान शूगर लिमिटेड	25.40	4.87	श्री वी एल दिवान और श्री विवेक दिवान (₹ 5.54 करोड़)	1.96	एसएएसएफ के अनुसार प्रत्याभूति उपयोग नही की जा सकी थी क्योंकि कम्पनी कारपोरेट डेट रिस्ट्रक्चरिंग के अधीन थी और बीआईएफआर के संरक्षण के तहत आती थी
वीनस शूगर लिमिटेड	9.72	4.33	श्री एम.पी. सिंह, श्री आर.के.गुप्ता और श्रीमति शशि रानी (₹ 10.94 करोड़)	3.31	उपयोग नही की गई। कम्पनी बीआईएफआर के अधीन है।

शेष 47 मामलों में कोई सम्पति ब्यैारे उपलब्ध नहीं थे। इस प्रकार, व्यक्तिगत प्रत्याभूतियां प्राप्त करना एक व्यर्थ कार्य बन गया था। अनुवर्ती घटनाओं ने दर्शाया कि व्यक्तिगत प्रत्याभूतियों ने देय राशि की वसूली करने में कोई सहायता नही की। केवल एक मामलें में प्रत्याभूति उपयोग द्वारा डेल्टा इनोवेटिव इंटरप्राइजेज लिमिटेड से ₹ 4.99 करोड़ वसूल किए जा सके थे।

- यद्यपि पीजीज़ में उधारकर्ता की चूक के कारण विक्रेता द्वारा की गई मांग पर प्रत्याभूतिदाता द्वारा देय राशि के भुगतान के दायित्व और ऋण के पूरे मूल्य तक प्रत्याभूतिदाता की नियत देयता सहित विभिन्न खण्ड शामिल है। तथापि, वह स्थान, मूल्य आदि जैसे सम्पति ब्यौरों द्वारा सहायक नहीं थे। अत: इन विवरणों के अभाव में ऐसी प्रतिभूतियॉ देने की प्रतिभूति दाताओं की क्षमता एवं योग्यता जॉचने हेतु आईडीबीआई के पास कोई साधन नहीं है। प्रतिभूति दाताओं द्वारा सम्पत्ति के विवरण तथा उनके मूल्य, उनके स्वामित्व के प्रमाण के बारे में प्रकटन तथा ऋणदाता की सहमति के बिना सम्पतियों

को ना बेचने के लिए वचनबद्धता के पश्चात ही पीजी को पूर्ण कहा जा सकता है।

- मैसर्ज डेल्टा इनोवेटिव इन्टरप्राईजेज लिमिटेड से संबंधित एक मामले में ही, एसएएसएफ पीजी का उपयोग करके ₹ 4.99 करोड़ वसूल कर सका था।

- प्रतिभूति दाताओं से वार्षिक आयकर रिटर्न तथा सम्पति विवरण की प्रतियॉ प्राप्त करने की कोई प्रणाली नहीं थी।

उपरोक्त स्थिति दर्शाती है कि प्रतिभूति दाताओं की सम्पति तथा आय विवरण के अभाव में व्यक्तिगत प्रतिभूतियॉ प्राप्त करना एक महत्वहीन प्रक्रिया बन गई है। प्रारंभ में आईडीबीआई तथा बाद में एसएएसएफ न्यास अपेक्षित उचित सतर्कता का उपयोग करने में विफल रहे। पीजी का प्रयोग करके केवल ₹ 4.99 करोड़ ही वसूल किये जा सके। अत:, वित्तीय हितों की सुरक्षा करने के लिए पीजी का महत्वर्पूण साधन प्रभावहीन रहा था। यदि आईडीबीआई/एसएएसएफ ने ये विवरण एकत्र किये होते तो, वे कर्जदारों के साथ बातचीत के दौरान समझौता शर्तों में और सुधार की स्थिति में होते। इससे वसूली की मात्रा बढ़ सकती थी।

न्यास ने बताया (अगस्त 2013) कि:

- प्रतिभूति बनाते समय, आईडीबीआई में प्रचलित पद्धति के अनुसार प्रतिभूति दाताओं की सम्पत्तियों का विवरण प्राप्त नहीं किया गया था एवं चूंकि आईडीबीआई से सभी खाते एसएएसएफ द्वारा अधिग्रहीत कर लिए गए थे, यह कमी प्रणाली में बनी रही।

- एसएएसएफ द्वारा खातों के निपटान तथा व्यक्तिगत प्रतिभूति की विमुक्ति पर विचार करते समय, प्रतिभूति दाताओं का प्रमाणित शुद्ध सम्पति प्रमाणपत्र प्राप्त किया जा रहा था।

- निपटान की तुलना में प्रतिभूति दाताओं के साधनों का एक अनुमान लगाने के लिए न्यास ने नीति को संशोधित किया तथा प्रतिभूतियों का मूल्य प्राप्त करने के लिए सनदी लेखाकार द्वारा शुद्ध सम्पति प्रमाणपत्र के अलावा न्यायालयों/ डीआरटीज में प्रतिभूति दाताओं द्वारा दर्ज किये गए सम्पतियों के शपथपत्र, आयकर रिटर्न प्राप्त किये।

तथ्य यह है कि नई नीति केवल उन मामलों पर लागू होगी जो अभी निपटाए जाने शेष हैं। पहले से ही निपटाए जा चुके मामलों के लिए न्यास ने एक बेहतर निपटान का अवसर खो दिया।

मंत्रालय ने अपने उत्तर में बताया कि एसएएसएफ ने व्यक्तिगत प्रतिभूति संबंधित दोष को कम करने के लिए विभिन्न कदम उठाए थे।

अध्याय V
निपटाए गए मामले

5.1 निपटाए गए मामले वे हैं जहाँ एसएएसएफ ने कर्जधारकों के साथ निपटारा कर लिया है अथवा कर्जधारकों की संरक्षित परिसम्पति न्यायालय/ एसएएसएफ/हस्तान्तरिती द्वारा निपटा दी गई है एवं एसएएसएफ ने अपनी प्राप्य राशि नकद/शेयर के माध्यम से वसूल कर ली है। शेयरो की ब्रिक्री अथवा वापस खरीद द्वारा राशि की वसूली को छोड़ कर इन मामलों में कोई और वसूली अपेक्षित नही है।

5.2 लेखा परीक्षा में जाँच किये गए 34 निपटाए गए मामलों में से, 13 मामलों में निर्धारित राशि एनएलओ से ₹ 163.63 करोड़ अधिक थी तथा 21 मामलों में निर्धारित राशि एनएलओ की ₹ 144.64 करोड़ की तुलना में ₹ 587.47 करोड़ कम थी जैसा कि नीचे दर्शाया गया है:

₹ करोड़ में

विवरण	मामलों की संख्या	एनएलओ	31मार्च 2013 तक वसूली गई राशि	शेयर इत्यादि के माध्यम से निपटान	कुल निपटान (4+5)	अधिक (+)/अतिरिक्त (-) वसूली (6-3)
1	2	3	4	5	6	7
एनएलओ से अधिक वसूली	13	246.37	409.40	0.60	410.00	(+) 163.63
एनएलओ से कम वसूली	21	1144.64	540.69	16.48	557.17	(-) 587.47
कुल	**34**	**1391.01**	**950.09**	**17.08**	**967.17**	**(-) 423.84**

कर्जधारकों से ओटीएस/एनएस के लिए प्राप्त प्रस्तावों पर एनएलओ से कम पर निपटारे हेतु कारण, जैसा कि एसएएसएफ के अभिलेखों में प्रदर्शित है, थे (i) सम्बन्धित इकाई लम्बे समय से बन्द है एवं खरीददार मिलने में कठिनाई (ii) इकाई की वैधानिक देयताएँ (iii) इकाई बीआईएफआर के पास एक रूग्ण इकाई के रूप में पंजीकृत है (iv) इकाई का असंतोषजनक प्रदर्शन (v) परियोजना के कार्यान्वयन में विलम्ब, (vi) लम्बित न्यायिक मामले, (vii) अधिकतर सुरक्षित ऋणदाता ऋणों के आबंटन के माध्यम से छोड़ गए थे, (viii) परिसम्पतियों की अपर्याप्तता, इत्यादि।

5.3 एनएलओ से कम पर निपटारा

वसूली नीति निर्धारित करती है कि कर्जधारकों की संरक्षित परिसम्पत्तियों का मूल्याँकन एसएएसएफ/अन्य संरक्षित ऋणदाता/न्यायालय द्वारा नियुक्त मूल्याँकक द्वारा किया जाना। नीति यह भी निर्धारित करती है कि वैधानिक देयताओं तथा कर्मचारियों को देय राशि की राशि के साथ के साथ उपलब्ध सामान (समनुपातिक

आधार पर) सहित प्रतिभूति का मूल्य निपटारे की राशि का आधार होगा। नया मूल्याँकन कराया जा सकता है यदि परिस्थितियों अनुसार न्यासंगत हो जैसे वर्तमान मूल्याँकन का पुराना हो जाना, परिसम्पत्ति मूल्य की अस्थिरता इत्यादि। जहाँ प्रतिभूतियों का मूल्य प्राप्त राशि वसूल करने के लिए पर्याप्त था, वहाँ प्रयास अधिकतम राशि वसूल करने के लिए था।

नीचे दी गई तालिका लेखापरीक्षा में जाँच किये गए 21 मामलों के संबंध में, कर्जधारक वार निपटारा राशि, संरक्षित सम्पतियों का मूल्य, इत्यादि का विवरण दर्शाती है:

₹ करोड़ में

क्रम सं.	परिशिष्ट के अनुसार क्रम संख्या	कर्णधारक का नाम	आयोजक का नाम	एनएलओ	कर्णधारक की परिसम्पतियों का मूल्य	एसएएसएफ का समनुपातिक हिस्सा	शेयरों सहित कुल वसूली	कम वसूली
1	2	मीडेस्ट इन्टीग्रेटिड स्टील्स लिमिटेड	मेस्को समूह के श्री जे.के. सिंह तथा श्रीमति रीता सिंह	462.24	नहीं किया गया	उपलब्ध नहीं	237.18	225.06
2	284	डेल्टा इनोवेटिव इन्टरप्राईजेस लिमिटेड	श्री आर.कोटान्दराममश्री पी. वैद्यनाथन, इन्टीग्रेटिट इन्टरप्राईजेस एण्ड डेल्टा ग्लोबल फाइनेन्स सर्विसेज	5.70	नहीं किया गया	उपलब्ध नहीं	3.11	2.59
3	305	पदमिनी टेक्नॉलाजी लि.	श्री विवेक नागपाल	5.18	नहीं किया गया	उपलब्ध नहीं	4.24	0.94
4	8	कृष्णा फिलामेन्ट्स लि.	श्री सत्यनारायण अग्रवाल एण्ड फॉर सन्स	86.85	34.64	उपलब्ध नहीं	21.26	65.59
5	10	आई जी पेट्रोकेमिकल्स	श्री एस. एस धानुका तथा श्री एम. एम. धानुका	71.03	199.90	उपलब्ध नहीं	31.50	39.53
6	14	श्री रामा मल्टीटेक लि.	श्री विक्रम पटेल तथा श्री शरद पटेल	61.05	104.31	उपलब्ध नहीं	25.36	35.69
7	35	ट्रांसफरेट कन्टेन्रस लि.	श्री निरंजन लाल डाल्मिया	30.23	17.46	उपलब्ध नहीं	20.53	9.70
8	45	कृष्णा विनाईल लि.	श्री सत्यनारायण अग्रवाल तथा चार पुत्र	26.54	15 to 20	उपलब्ध नहीं	16.81	9.73

9	46	भण्डारी एक्सपोर्ट लि.	श्री नरेश भण्डारी, भण्डारी हौजरी एक्सपोर्ट लि. पीएसआई डीसी के साथ संयुक्त क्षेत्र में	26.20	21.61	उपलब्ध नहीं	18.08	8.12
10	65	रामाकृष्णा मिल्स लि.	श्री आर. दौरा स्वामी तथा श्री डी. लक्ष्मी नारायण स्वामी	18.74	40.55	उपलब्ध नहीं	17.95	0.79
11	159	वोलेन्ट टैक्सटाईल्स लि.	श्री वी.ओ. सोमानी एवं उनके दो पुत्र, अर्थात रमेश एवं राजेश सोमानी	9.53	7.13	उपलब्ध नहीं	7.50	2.03
12	18	मोरपेंन लैवारेटरीज लि.	श्री सुशील सुरी	47.99	545.38	53.77	27.83	20.16
13	6	पशुपति स्पीनिंग एण्ड विविंग मिल्ज लि.	श्री रमेश कुमार जैन	149.74	88.02	81.99	54.55	95.19
14	21	गणेश बेन्जोप्लास्ट लि.	श्री रमेश पीलानी/गणेश समूह	44.84	81.68	25.45	37.76	7.08
15	34	स्लैक्सन फॉमकास्ट लि.	श्री किरन पी. दलाल एवं सहायक	30.47	7.97	5.15	6.43	24.04
16	39	गुजरात सिपरोमेट लि.	श्री नरेन्द्र पी. मेहता तथा श्री गुरूचरण सिंह	29.38	9.54	6.08	6.69	22.69
17	47	इन्दौर वायर कम्पनी लि.	श्री सुखवन्त सिंह एवं श्री गुरूचरण सिंह	26.04	29.61	11.80	12.10	13.94
18	312	बेन्की साल्यूशन प्रा. लि.	श्री अजीत खण्डेलवाल, श्री संजीव खण्डेवाल तथा श्री निर्मल वगारिया	5.07	3.21	3.21	3.66	1.41
19	396	वीनस साइबरटेक लि.	श्री जी. विनोद (विशाखा समूह)	3.83	4.29	2.75	2.25	1.58
20	477	फोकल विजन इन्टरनेशनल लि.	डॉ. मनोज मानिमर एवं डॉ. अजय पाण्डुरंगी	2.62	0.56	0.56	1.26	1.36

21	559	केसर पैट्रो प्राडक्ट्स लि.	श्री संजय बगरोदिया तथा महाराष्ट्र पेट्रोकेमिकल्ज लिमिटेड	1.37	7.64	1.02	1.12	0.25
जोड़				**1,144.64**			**557.17**	**587.47**

(नोट#: आयोजकों के नाम एसएएसएफ द्वारा लेखापरीक्षा को उपलब्ध कराए गए हस्तातरण नोट्स से संकलित किये गए है।

महत्वपूर्ण कम वसूली (एनएलओ से कम) बड़े एनएलओ खातों पर हुई जैसे मीडेस्ट इन्टीग्रेटिड, कृष्णा फिलामेन्ट्स, पशुपति स्पीनिंग एवं विविंग मिल्स, आई. जी. पेट्रोकेमिकल्ज एवं श्री रामा मल्टीटेक लि.। इन फर्मो के कुछ आयोजकों की व्यक्तिगत प्रतिभूतियाँ न्यास के पास उपलब्ध थी। तथापि, न्यास ने निपटारा राशि तय करने से पहले आयोजको की शुद्ध सम्पति/आय का पता लगाने का प्रयास नही किया। आयोजको की वित्तीय क्षमता को ध्यान में रखे बिना एनएलओ से कम में ऐसे निपटारे, वास्तव में आयोजको के हित में कहे जा सकते हैं।

5.4 21 मामलों में से, तीन मामलों में परिसम्पतियों का मूल्यांकन नही किया गया था तथा परिणामस्वरूप न्यास का भाग उपलब्ध नही था। चुँकि नीति निर्धारित करती है कि वैधानिक देयताओं तथा कर्मचारियों को देय राशि के साथ उपलब्ध सामान (समनुपातिक आधार पर) सहित प्रतिभूति का मूल्य निपटान राशि का आधार होगा, वसूली के लिए संभावना जानने हेतु मूल्यांकन कराना आवश्यक था।

(i) मीडेस्ट इन्टीग्रेटिड स्टील लिमिटेड (एनएलओ ₹ 462.24 करोड़, वसूली ₹ 237.18 करोड़)

न्यास ने बताया (मई 2013) कि दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार, आईडीबीआई ने 2003 में मैसर्ज एम. एन. दास्तूर एण्ड कम्पनी को मूल्यांकन करने हेतु नियुक्त किया, जो आधिकारिक परिसमापक तथा कर्जधारक के सहयोग ना करने के कारण पुरा नही हो सका। इसके आगे बताया कि डीआरटी ने 6 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ₹ 144.56 करोड़ राशि के साधारण ब्याज सहित ₹ 319.57 करोड़ की निर्णीत राशि के भुगतान का अनुमोदन (जुलाई 2004) किया जिसका भुगतान दो वर्षों में किया जाना था। इसके प्रति, अनुमोदन के छह माह के अन्दर ₹ 220 करोड़ के ओटीएस के भुगतान का बीओटी द्वारा अनुमोदन (जून 2005) किया गया था जो 15 प्रतिशत के प्रस्तावित नकद प्रवाह के बट्टागत मूल्य पर आधारित था। इसे जल्द निपटान के रूप में किया गया था, जो इस तथ्य के कारण अधिक वरीयता वाला विकल्प था कि ₹ 647 करोड़ के अपने बड़े ऋण का शोधन करने की कर्जधारक की

क्षमता सदिग्ध थी, ऋणदाताओं ने आयोजको में अपना विश्वास खो दिया तथा उस रूप में कर्जधारकों की व्यवहार्यता संदिग्ध थी।

₹ 237.18 करोड़ में (₹ 220 करोड़ ओटीएस जमा ₹ 17.18 करोड़ करोड़ ब्याज) इस मामले को निपटान के परिणामस्वरूप एनएलओ को ₹ 462.24 करोड़ की तुलना में ₹ 225.06 करोड़ का नुकसान था।

(ii) डेल्टा इनोवेटिव इन्टरप्राइजेस लिमिटेड (एनएलओ ₹ 5.70 करोड़, वसूली ₹ 3.11 करोड़)

एसएएसएफ के अनुसार, परिसम्पतियों का मूल्यांकन नही किया जा सका क्योंकि निपटान निगमित प्रतिभु तथा व्यक्तिगत प्रतिभु के साथ किया गया था। डेल्टा इनोवेटिव इन्टर प्राइजेस लिमिटेड के दो प्रतिभुओं अर्थात इन्टीप्राइजेस लिमिटेड के दो प्रतिभुओं अर्थात इन्टीग्रेटिड इन्टरप्राईजेज प्राइवेट लिमिटेड तथा श्री पी. वैद्यनाथन ने ₹ 4.99 करोड़ (₹ 3.11 करोड़ एसएएसएफ द्वारा तथा ₹ 1.88 करोड़ आईडीबीआई द्वारा) वसूल किये। यद्यपि, डेल्टा इनोवेटिव इन्टरप्राइजेस लिमिटेड तथा आयोजकों में से एक अर्थात श्री आर. कोथानदरामन के विरूद्ध आईडीबीआई द्वारा दर्ज किया गया मुकदमा डीआरटी के पास लम्बित है। इस मामले में ₹ 5.70 करोड़ के एनएलओं के तुलना में ₹ 2.59 करोड़ की कम वसूली हुई है।

(iii) पदमिनी टेक्नालाजिज लिमिटेड (एनएलओ ₹ 5.18 करोड़, वसूली ₹ 4.24 करोड़)

एसएएसएफ के अनुसार, मूल्यांकन नही किया जा सका क्योंकि प्रमारित उपकरण पहले ही एक सह-ऋणदाता प्रादेशिया इन्डस्ट्रियल एण्ड इन्वेस्टमेंट कार्पोरेशन ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा बेच दिया गया था।

5.4 शेष 18 मामलों में से, आठ मामलों में कर्जधारकों की सम्पतियों में न्यास का समनुपातिक भाग न्यास के अभिलेखों में उपलब्ध नही था। इसके अपने समनुपालिक भाग तथा वसूली की संभावना जानने के लिए अन्य ऋणदाताओं से विवरण एकत्र नही किये थे। न्यास की तरफ से इस सीमा तक शिथलता थी।

इन मामलों को एनएलओ से कम में निपटाने के लिए कारणों का जैसा न्यास के अभिलेखों से एकत्र किये गए, नीचे विवरण दिया गया है:

(i) कृष्णा फिलामेन्ट्स लिमिटेड (एनएलओ ₹ 86.85 करोड़, वसूली ₹ 21.26 करोड़)

एसएएसएफ के अनुसार, एनएलओ से कम में निपटान के लिए औचित्य था (क) इकाई लम्बे समय से बन्द पड़ी थी, (ख) कम्पनी बीआईएफआर द्वारा रूग्वा इकाई

घोषित की गई थी, (ख) चुँकि सरफीजी के तहत कार्यवाही शुरु की जा सकती थी, परिसम्पतियों तथा बड़ी देयताओं की स्थिति को देखते हुए ईकाई के लिए क्रेता ढूढँना कठिन हो सकता था, (घ) कर्मधारक की बकाया वैधानिक देयताएँ ₹ 237 करोड़ थी तथा (ड़) ऋणदाता परिसम्पत्तियों की सुरक्षा तथा एसएएसएफ के पास ऋण का 65 प्रतिशत से अधिक था, तो अधिकाँश व्यय एसएएसएफ द्वारा पूरा किया गया था।

(ii) आई. जी. पेट्रोकेमीकल्स लिमिटेड (एनएलओ ₹ 71.03 करोड, वसूली ₹ 31.50 करोड़)

न्यास ने ओटीएस प्रस्ताव स्वीकार किया क्योंकि कम्पनी की वित्तीय स्थिति कमजोर थी तथा इसका भविष्य संदिग्ध था। कर्जधारक की देय राशियों में ₹ 331.79 करोड़ के मूलक बकाया के साथ अन्य सात ऋणदाता शामिल थे।

(iii) श्री रामा मल्टीटेक लिमिटेड (एनएलओ ₹ 61.05 करोड़, वसूली ₹ 25.36 करोड़)

बीआईएफआर के पास कर्जधारक का संदर्भ लम्बित था। मूल्य के अनुसार 57 प्रतिशत सुरक्षित ऋणदाता कर्ज के आबंटन के माध्यम से बाहर हो चुके थे। निपाट निपटान की शर्तें अन्य खरीददारों को दिये गए प्रस्तावों के अनुरूप थी।

(iv) ट्रान्सफरेट कंन्टेर्स लिमिटेड (एनएलओ ₹ 30.23 करोड़, वसूली ₹ 20.53 करोड़)

प्रस्तावित ओटीएस सम्पति के वसूली योग्य मूल्य से अधिक था। कर्जधारक पर ₹ 12 करोड़ की वैधानिक देयताएँ भी थीं। मामला बीआईएफआर के पास था तथा सरफीजी अधिनियम के तहत वसूली ऋण मुद्दों के कारण कठिन थी।

(v) कृष्णा विनाईल लिमिटेड (एनएलओ ₹ 26.54 करोड़, वसूली ₹ 16.81 करोड़)

उद्योग शुद्ध माँग तथा आयातों से गंभीर प्रतिस्पर्था के कारण खराब स्थिति रहा था तथा चार वर्षों से हानियाँ उठा रहा था तथा समान इकाई ₹ 5.21 करोड़ में बेची गई थी।

(vi) भण्डारी निर्यात लिमिटेड (एनएलओ ₹ 26.20 करोड़, वसूली ₹ 18.08 करोड़)

₹ 6 करोड़ की कुल देय राशियों के साथ तीन और ऋणदाता थे।

(vii) रामाकृष्णा मिल्ज लिमिटेड (एनएलओ ₹ 18.74 करोड़, वसूली ₹ 17.95 करोड़)

कर्जधारक तीन वर्षों से हानि उठा रहा था तथा नकदी की कमी का सामना कर रहा था। कार्यशील पूँजी ऋण बकाया ₹ 40.49 करोड़ था। कर्जधारक ने वीआरएस निपटारे के लिए नीजि वित्त पोषक से ₹ 3.48 करोड़ की निधि उठाई थी।

(viii) वोलेन्ट टैक्सटाईल लिमिटेड (एनएलओ ₹ 9.53 करोड़, वसूली ₹ 7.50 करोड़)

कर्जधारक बीआईएफआर द्वारा ऋण घोषित किया गया था। ₹ 1.85 करोड़ राशि की बकाया वैधानिक देयताएँ थीं। एसएएसएफ एकमात्र सुरक्षित ऋणदाता था। सरफीजी अधिनियम के तहत बिक्री कठिन भी क्योंकि संयंत्र तथा मशीनरी दूसरे से प्राप्त की गई थी तथा एक उपयुक्त क्रेता मिलना मुश्किल था।

न्यास ने बताया (अगस्त 2013) कि इसनें यह सुनिश्चित करने के लिए कि न्यास को पूरी सूचना की कमी के कारण हानि ना हो, ओटीएस/एनएस ज्ञापनमें अन्य ऋण दाताओं के साथ निपटान के विवरणों को शामिल करना अनिवार्य किया है।

5.5 शेष दस मामलों में यद्यपि मूल्यांकन किया गया था एवं न्यास का समनुपालिक भाग उपलब्ध था, निपटान के परिणामस्वरूप नुकसान हुआ था। मामलों का विवरण नीचे दिया गया है:

(i) मोरपेन लेवीरेट्रिज लिमिटेड (एनएलओ ₹ 74.99 करोड़, वसूली ₹ 27.83 करोड़)

एसएएसएफ ओटीएस रामपावरड ग्रुप द्वारा अनुमोदित (जून 2006) निगमित ऋण पुर्नसंरचना पैकेज के अनुरूप अनुमोदित किया गया था। ओटीएस का अनुमोदन करते समय रिकार्ड किया गया था कि भूतकाल में मारपेन लैबोरेट्रिज के संचालन मुख्यत: विशाल विस्तारणों के लिए किए गए निवेश तथा दिर्घावाधी प्रयोगों के लिए लघु अवधि निधियों के प्रयोग जिसके परिणामस्वरूप मेलपन तथा नकद संबंधी बाधाएं हुई, के कारण प्रभावित हुए थे ₹ 53.77 करोड़ के समनुपातिक भाग के प्रति न्यास ₹ 27.83 करोड़ कि हानि हुई। समनुपातिक भाग से कम में निपटान हेतु कारणों को रिकार्ड नही किया गया था।

(ii) पशुपति स्पीनींग एण्ड विवींग मिल्ज लिमिटेड (एनएलओ ₹ 149.74 करोड़, वसूली ₹ 54.55 करोड़)

₹ 81.99 करोड़ के (नवम्बर 2009 की मूल्यांकन रिपोर्ट) के एसएएसएफ के समनुपातिक भाग (प्रतिभूति के वसूली योग्य मूल्य में) के प्रति निपटान ₹ 54.55 करोड़ के लिए था जिसके परिणामस्वरूप समनुपातिक भाग के संदर्भ में ₹ 27.44 करोड़ की कम वसूली हुई। कुल हानि ₹ 95.19 करोड़ थी। समनुपातिक भाग से कम में निपटान के लिए कारणों को न्यास द्वारा रिकार्ड नही किया गया था। न्यायिक कार्यवाही प्रारंभ नही कि जा सकती क्योंकि मामला बीआईएफआर के समक्ष लंबित था।

(iii) गणेश वेन्जोप्लास्ट लिमिटेड (एनएलओ ₹ 44.84 करोड़, वसूली ₹ 37.76 करोड़)

पार्टी बीआईएफआर के तहत थी तथा कम्पनियों जैसे औएनजीसी तथा जेएनपीटी से उस ₹ 350 करोड़ के दावों का सामना कर रही थी तथा ₹ 5 करोड़ की वैधानिक देयताएँ थीं।

(iv) एलैक्सन फॉमकास्ट लिमिटेड (एनएलओ ₹ 30.47 करोड़, वसूली ₹ 6.43 करोड़)

ऋण वापस ले लिए गए थे, प्रतिभूतियाँ प्रारंभ की गई थीं तथा डीआरटी, मुम्बई में आईडीबीआई द्वारा सितम्बर 2000 में मुकदमा दर्ज किया था। एसेट रिकन्सट्रक्शन कम्पनी (इंडिया) लिमिटेड (एआरसीआईएल) एएफएल में अनुभव वाले संस्थानों में से एक, ने सरफीजी अधिनियम के तहत ज्ञापन जारी (नवम्बर 2004) किया था। न्यास ने सरफीजी अधिनियम के तहत सम्पतियों पर कब्जा लेने के लिए एआरसीआईएल को अपनी सहमति दी थी (जून 2005)। एआरसीआईएल ने निजी संधि के माध्यम से ₹ 9.20 करोड़ के लिए एएलएफ को परिसम्पतियाँ बेच दी थी (अगस्त 2007)। ₹ 5.15 करोड़ राशि का न्यास का समनुपातिक भाग फरवरी 2008 में प्राप्त किया गया था ₹ 1.28 करोड़ की अन्य वसूलियों को ध्यान में रखते हुए, इस मामले में हानि ₹ 24.04 करोड़ थी।

(v) गुजरात सिपरोमेट लिमिटेड (एनएलओ ₹ 29.38 करोड़, वसूली ₹ 6.69 करोड़)

न्यास का समनुपातिक भाग ₹ 6.08 करोड़ था। ईकाई 2005 से बन्द पड़ी थी। कर्जधारक पर वैधानिक एवं अन्य देयताएँ थी। कर्जधारक बीआईएफआर की सीमा के तहत भी थी।

(vi) इन्दौर वायर कम्पनी लिमिटेड (एनएलओ ₹ 26.04 करोड़, वसूली ₹ 12.10 करोड़)

परिसम्पत्तियाँ सरफीजी अधिनियम के तहत ₹ 20 करोड़ में बेची गई थीं तथा न्यास का समनुपातिक भाग ₹ 11.80 करोड़ था।

(vii) बेनकी साल्यूशन प्रा. लिमिटेड (एनएलओ ₹ 5.07 करोड़, वसूली ₹ 3.66 करोड़)

न्यास के अनुसार, कम्पनी की शुद्ध सम्पति 2004 में पूर्ण रूप से खत्म हो गई थी। उपकरण पुराने हो गए थे तथा इनसे ज्यादा मूल्य नही मिलना था।

(viii) वीनस साइबरटेक लिमिटेड (एलएलओ ₹ 3.83 करोड़, वसूली ₹ 2.25 करोड़)

₹ 2.75 करोड़ के समनुपातिक भाग के प्रति, पार्टी द्वारा ₹ 2.25 का भुगतान किया गया था। ₹ 0.25 करोड़ की कम वसूली के लिए कारण रिकार्ड नही किये गए थे।

(ix) फोकल विजन इन्टरनेशनल लिमिटेड (एलएलओ ₹ 2.62 करोड़, वसूली ₹ 1.26 करोड़)

न्यास के अनुसार, कम्पनी का प्रदर्शन शुरूआत से ही संतोषजनक नही था। सीमाशुल्क प्राधिकारियों ने अपनी प्राप्य राशियों की वसूली प्रक्रिया प्रारंभ कर दी थी क्योंकि संयंत्र तथा मशीनरी निर्यात प्रोत्साहन पूंजीगत माल (ईपीसीसी) योजना के तहत 5 प्रतिशत के छूट प्राप्त आयात शुल्क पर आयात किये गए थे जिसमें कम्पनी की अपनी निर्यात शर्त पूरी करनी थी। ईपीसीजी लाइसेंस समाप्त हो चुका था। बिक्री कर विभाग ने भी कम्पनी के बिक्री कर पंजीकरण के निरस्तीकरण हेतु ज्ञापन जारी किया था।

(x) केसर पैट्रोप्रॉडक्टस लिमिटेड (एनएलओ ₹ 1.37 करोड़, वसूली ₹ 1.12 करोड़)

न्यास के अनुसार, ईकाई बहुत वर्षों से बन्द पड़ी थी। आयोजकों के पास पर्याप्त निधि नही थी तथा मामला बीआईएफआर के तहत था। ₹ 1.37 करोड़ की एनएलओ की तुलना में ट्रस्ट ने ₹ 1.12 करोड़ वसूल किया जिसके कारण ₹ 25 लाख की हानि हुई।

21 मामलों में से 20 मामलों में (कृष्णा विनी लिमिटेड के मामले को छोड़कर) प्रमोटरों/उधारकर्ताओं से व्यक्तिगत गारंटियां ली गयी थी। हालांकि, ट्रस्ट के अभिलेखों में सम्पत्ति के कोई विवरण उपलब्ध नहीं थे। ट्रस्ट ने गारंटरों से आयकर रिटर्न्स भी नहीं लिया। यदि इन पहलुओं पर ध्यान दिया जाता तो ट्रस्ट वसूल की गयी राशि से अधिक धनराशि वसूल कर सकता था।

मंत्रालय ने अपने उत्तर में बताया कि एसएएसएफ ने कुछ मामलों में नीति का उल्लंघन माना था। हालांकि, जबकि निपटान की मंजूरी दे दी गयी थी और धनराशि प्राप्त हो गयी थी, अब निपटान राशि में सुधार करने की गुंजाइश नहीं थी। मंत्रालय ने अपने उत्तर में यह आश्वासन दिया कि एसएएसएफ ने भविष्य में अनुपालन हेतु आपत्तियों को नोट कर लिया था।

अध्याय VI
सुलझाए गए मामले

6.1 सुलझाए गए मामले में वे हैं जहां एसएएसएफ उधारकर्ताओं अथवा न्यायालय/एसएएसएफ/असाइनी द्वारा उधारकर्ताओं की सुरक्षित परिसंपत्तियां निपटाई गयी थी और एसएएसएफ ने नकद/शेयरों के माध्यम से अपने बकायों का भाग वसूल किया, किन्तु वसूली का भाग लंबित था।

6.2 एनएलओ से कम निपटान

लेखापरीक्षा द्वारा चयनित 15 सुलझाए गए मामलों में से 10 मामलों में निपटान राशि/वसूली गई राशि ₹ 1590.49 करोड़ की कुल कम वसूली सहित एनएलओ धनराशि से कम थी। नीचे दी गई तालिका 10 मामलों के संबंध में निपटान राशि, सुरक्षित परिसम्पत्तियों के मूल्य आदि का उधारकर्तावार विवरण दर्शाती है:

₹ करोड़ में

क्र. सं.	अनुबंध I के अनुसार क्रमांक	उधारकर्ता का नाम	प्रमोटर का नाम	एनएलओ	उधारकर्ता की सम्पत्तियों का मूल्य	एसएएसएफ का अनु-पातिक शेयर	निपटान राशि	शेयर सहित कुल वसूली	निपटान राशि की तुलना में कम वसूली या कुल वसूली जो भी अधिक हो
1	सी का 1	एसजेके स्टील्स प्लांट लिमिटेड	श्री वाई. जितिन कुमार और श्री वाई. जनार्दन राव	603.42	लागू नहीं क्योंकि सीडीआर पैकेज ओटीएएस में बदल दिया गया	लागू नहीं	290.00	362.18	241.24
2	1	मालविका स्टील लिमिटेड	ऊषा ग्रुप के श्री विनायक राय और श्री अनिल राय	594.54	216.21	61.07	41.78	29.09	565.45
3	3	बेल्लारी स्टील्स एंड अलॉयज लिमिटेड	श्री एस. माधव	398.71	206.00	67.98	67.98	67.98	330.73
4	4	उषा इस्पात लिमिटेड	ऊषा ग्रुप के श्री विनय राय और श्री अनिल राय	321.80	93.18	45.97	48.07	48.07	273.73
5	7	एसआईवी इंडस्ट्रीज लिमिटेड	पल्लोनजी सपूरजी मिस्त्री	123.72	लागू नहीं	लागू नहीं	23.19	23.19	100.53

6	12	रजिंदर स्टील्स लिमिटेड	श्री डी. एस. बत्रा	69.22	59.52	37.16	37.16	29.93	39.29
7	29	विरल फिलामेंट्स लिमिटेड	श्री के. के. खंडेलवाल और श्री एम. एल. खंडेलवाल	36.77	4.10	4.10	4.60	4.60	32.17
8	57	जे डी ऑर्गोकेम लिमिटेड	श्री शरद चंद्र कोठारी, श्री महेन्द्र कोठारी एंड एसोसिएट्स	20.95	14.28	3.92	18.75	15.39	5.56
9	551	कुणाल इंजीनियरिंग	श्री दीपक बैंकर	1.48	0.30	0.30	0.30	0.28	1.20
10	564	बाबा एंड साई होटल्स लिमिटेड	श्री एस. श्रीकांत एंड सन्स, श्री के. प्रदीप और श्री एस. श्रीधर	1.31	1.18	0.89	0.72	0.72	0.59
		कुल		**2,171.92**				**581.43**	**1,590.49**

(नोट # 1 एसएएसएफ द्वारा लेखापरीक्षा को प्रदत्त स्थानान्तरण नोट से संकलित प्रमोटरों के नाम।

यह देखा जा सकता है कि 10 मामलों में से एक मामले (एसआईवी इंडस्ट्रीज लिमिटेड) में परिसम्पत्तियों का मूल्यांकन नहीं किया गया था और परिणामस्वरूप ट्रस्ट का शेयर भी उपलब्ध नहीं था। एसजेके स्टील्स प्लांट लिमिटेड के मामले में, ट्रस्ट का अनुपातिक शेयर उपलब्ध नहीं था। चूँकि नीति में प्रावधान था कि उपलब्ध आनुषंगिक (आनुपातिक आधार पर) के साथ-साथ सांविधिक देयताओं और मजदूरों के बकायों सहित सुरक्षा का मूल्य निपटान का आधार था, वसूली के लिए क्षमता का पता लगाने हेतु मूल्यांकन करना आवश्यक था।

जैसा कि तालिका से देखा जा सकता है कि स्टील सेक्टर कंपनियां बड़ी चूककर्ता हैं और ट्रस्ट को बहुत अधिक नुकसान पहुँचाई हैं। उदाहरणस्वरूप, ऊषा ग्रुप के श्री विनय राय एवं श्री अनिल राय द्वारा प्रमोटेड ऊषा इस्पात लिमिटेड और मालविका स्टील लिमिटेड के संबंध में ₹ 594.54 करोड़ और ₹ 321.80 करोड़ के एनएलओ के प्रति क्रमश: केवल ₹ 41.78 करोड़ (7.03 प्रतिशत) और ₹ 48.07 करोड़ (14.94 प्रतिशत) ही है। कई उधारकर्ता कम्पनियों के प्रमोटरों से व्यक्तिगत गारंटी होने के बावजूद भी ट्रस्ट ने प्रमोटरों के निवल मूल्य का पता लगाने की कोशिश नहीं की ताकि अधिकतम राशि वसूली जा सके।

6.3 10 मामलों की चर्चा नीचे की गई है:

(i) एसजेके स्टील प्लांट लिमिटेड (एनएलओ ₹ 603.42 करोड़, वसूली ₹ 362.18 करोड़):

इस मामले को स्ट्रेस्ड एसेट्स के अमान्य विनिमय के एक भाग के रूप में स्थानांतरित कर दिया गया (जून 2006)। स्ट्रेस्ड एसेट्स को ट्रस्ट को स्थानान्तरित करने से ठीक पहले आईडीबीआई ने पार्टी (जिसे जुलाई 2013 में एसएएसएफ द्वारा मान्यता दी गई थी) के लिए कारपोरेट डेब्ट रीस्ट्रक्चरिंग (सीडीआर) की मंजूरी दी (मई 2006) और अप्रैल 2009 में संशोधित सीडीआर पैकेज (एसएएसएफ बोर्ड द्वारा भी मान्यता प्राप्त) की दुबारा मंजूरी दी। उधारकर्ताओ द्वारा प्रस्तुत एक प्रस्ताव के आधार पर (सितम्बर 2012) ट्रस्टीज़ के बोर्ड ने एक ओटीएस की मंजूरी दी (सितम्बर 2012), जिसमें सीडीआर पैकेज के अनुसार, आगामी भुगतानों के छूटप्राप्त मूल्य को ध्यान में रखते हुए ₹ 5.38 करोड़ के लिए ₹ 2.76 करोड़ के इक्विटी शेयरों (ट्रस्ट द्वारा पहले ही अर्जित) को वापस खरीदकर ₹ 20 करोड़ इक्विटी शेयरों को जारी करके ₹ 270 करोड़ के नकद भुगतान की परिकल्पना की गई थी। सीडीआर पैकेज और ओटीएस पैकेज के तहत ट्रस्ट ने मार्च 2013 तक ₹ 359.41 करोड़ प्राप्त किया जिसके कारण ₹ 244.01 करोड़ का नुकसान हुआ। ₹ 2.76 करोड़ के शेयरों के प्रति ट्रस्ट ने पहले ही ₹ 5.38 करोड़ प्राप्त किया था लेकिन ₹ 2.76 करोड़ मूल्य के शेयरों को निवेश अनुसूची से नहीं हटाया गया था।

(ii) मालविका स्टील लिमिटेड (एनएलओ ₹ 594.54 करोड़; वसूली ₹ 29.09 करोड़) और (iv) ऊषा इस्पात लिमिटेड (एनएलओ ₹ 321.80 करोड़; वसूली ₹ 48.07 करोड़)

सरफीजी अधिनियम की धारा 13(2) के तहत ट्रस्ट ने मै. मालविका स्टील लिमिटेड (एमएसएल) (एनएलओ ₹ 594.54 करोड़) के बकाए की वसूली के लिए इंडस्ट्रियल फाइनेन्स कारपोरेशन ऑफ इंडिया (आईएफसीआई) को सहमति दी। एमएसएल की पूरी सम्पत्ति ₹ 209 करोड़ में बेची गयी थी जिसमें ट्रस्ट का आनुपातिक शेयर ₹ 61.07 करोड़ आया। हालांकि, आईएफसीआई के अनुसार ट्रस्ट का शेयर ₹ 41.78 करोड़ था लेकिन एसएएसएफ को केवल ₹ 29.09 करोड़ का भुगतान किया गया। शेष ₹ 12.69 करोड़ इस याचिका पर रोक दिया गया कि आईडीबीआई ने आईएफसीआई को देय ₹ 29.52 करोड़ का समायोजन किया था। इसके अलावा कुल ₹ 209 करोड़ की बिक्री में से आईएफसीआई द्वारा विभिन्न खर्चों और अन्य पार्टियों के दावों के प्रति ₹ 66.04 करोड़ रोक दिया गया था जिसमें औचित्य का अभाव था।

ट्रस्ट ने कहा (अगस्त 2013) कि उसने मामले को भारत सरकार को बताया है।

ऊषा ग्रुप के प्रमोटरों द्वारा प्रमोट की गई ऊषा इस्पात लिमिटेड के मामले में ट्रस्ट ने सरफीजी अधिनियम के तहत ₹ 124 करोड़ में परिसम्पत्तियों को बेच दिया। इस बिक्री में एसएएसएफ का शेयर ₹ 45.97 करोड़ था और विभिन्न पार्टियों के दावों को पूरा करने के लिए ₹ 21 करोड़ रोकते हुए शेष राशि को आनुपातिक आधार पर अन्य उधारदाताओं के बीच वितरित कर दिया गया था।

समान प्रमोटरों (ऊषा ग्रुप के श्री विनय राय और श्री अनिल राय) के इन दोनों मामलों में मालविका स्टील के संबंध में वसूली मात्र 7.03 प्रतिशत और ऊषा इस्पात लिमिटेड के संबंध 14.94 प्रतिशत थी। प्रमोटरों ने दोनों ही मामलों में व्यक्तिगत गारंटी दी थी। ट्रस्ट ने हालांकि निपटान करने से पूर्व प्रमोटरों के निवल मूल्य का पता नहीं लगाया। ट्रस्ट के पास न तो प्रमोटरों की सम्पत्ति का विवरण था और न ही उनका आयकर रिटर्न्स। इन दोनों मामलों में कुल हानि ₹ 839.18 आंकी गयी।

(iii) बेल्लारी स्टील एण्ड एलॉय लिमिटेड (एनएलओ ₹ 398.71 करोड़, वसूली ₹ 67.98 करोड़):

ट्रस्ट ने सरफीजी अधिनियम के तहत कार्रवाई करने के लिए आईएफसीआई को अपनी सहमति दी। आईएफसीआई द्वारा सरफीजी अधिनियम के तहत संपत्ति बेच दी गई और ट्रस्ट को ₹ 67.98 करोड़ का अपना आनुपातिक शेयर मिला।

(v) एसआईवी इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एनएलओ ₹ 123.72 करोड़, वसूली ₹ 23.19 करोड़)

ट्रस्ट ने मै. एसआईवी इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड (एसआईएल) की परिसम्पत्तियों की बिक्री में प्रभावी बढ़त लेने के लिए एआरसीआईएल को अपनी सहमति दी (2004)। एआरसीआईएल ने मद्रास उच्च-न्यायालय में वसूली याचिका दायर की (2004)। मद्रास उच्च न्यायालय के शासकीय परिसमापक (ओएल) ने ₹ 230.42 करोड़ में एसआईएल की चल और अचल परिसम्पत्तियों को बेच दिया (2009) जिसमें से ट्रस्ट का बकाया ₹ 28.58 करोड़ था। ट्रस्ट ने ₹ 23.19 करोड़ प्राप्त किया (फरवरी 2011) जबकि शेष ₹ 5.39 करोड़ अभी भी शासकीय परिसमापक से प्राप्त किया जाना है।

(vi) रजिंदर स्टील्स लिमिटेड (एनएलओ ₹ 69.22 करोड़, वसूली ₹ 29.93 करोड़)

परिसम्पत्तियों की बिक्री शासकीय परिसमापक द्वारा की गई थी। ट्रस्ट का अनुपातिक शेयर ₹ 37.16 करोड़ था जिसमें से ₹ 26.74 करोड़ का भुगतान शासकीय परिसमापक द्वारा कर दिया गया और शेष ₹ 10.42 करोड़ का भुगतान अभी भी

किया जाना है। ₹ 3.19 करोड़ की अन्य वसूलियों को ध्यान में रखते हुए कुल ₹ 29.93 करोड़ की वसूली करने से ₹ 39.29 करोड़ का नुकसान हुआ।

(vii) विरल फिलामेंट्स लिमिटेड (एनएलओ ₹ 36.77 करोड़; वसूली ₹ 4.60 करोड़)

एसएएसएफ द्वारा सरफीजी अधिनियम के तहत ₹ 4.60 करोड़ में बेच दी गई थी।

(viii) जे डी आर्गोकेम लिमिटेड (एनएलओ ₹ 20.95 करोड़, वसूली ₹ 15.39 करोड़)

ईसी ने ₹ 18.75 करोड़ के ओटीएस की मंजूरी दी (जुलाई 2009)। जिसके प्रति ट्रस्ट को ₹ 15.39 करोड़ प्राप्त हुआ और उधारकर्ताओं द्वारा बताई गई कठिनाइयों के कारण शेष ₹ 3.36 करोड़ माफ कर दिया गया।

(ix) कुणाल इंजीनियरिंग (एनएलओ ₹ 1.48 करोड़; वसूली ₹ 0.28 करोड़)

आईडीबीआई/एसएएसएफ कुछ उपकरणों पर एक विशेष चार्ज लगा रहा था। हालांकि कोई चार्ज नहीं था। शासकीय परिसमापक द्वारा सम्पत्ति बेचने पर इससे ₹ 28 लाख प्राप्त हुआ था।

(x) बाबा एण्ड साई होटल्स (एनएलओ ₹ 1.31 करोड़; वसूली ₹ 0.72 करोड़)

वसूली अधिकारी, डीआरटी, चेन्नई द्वारा सार्वजनिक नीलामी में ₹ 1.18 करोड़ में सम्पत्तियों को बेचने और ₹ 89 लाख के एसएएसएफ शेयर में से इसने ₹ 72 लाख प्राप्त किया। शेष ₹ 17 लाख विवादित है और वसूली कार्रवाई की जा रही है।

10 मामलों में से एक मामले में अर्थात् एसआईवी इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड से कोई व्यक्तिगत गारंटी नहीं ली गयी थी। शेष नौ मामलों में से केवल एक मामले (एसजेके स्टील्स प्लांट लिमिटेड) में संपत्ति विवरण के साथ व्यक्तिगत गारंटियां उपलब्ध थी। बाकी आठ मामलों में हालांकि व्यक्तिगत गारंटियां ली गई थी लेकिन संपत्ति के विवरण ट्रस्ट के अभिलेखों में उपलब्ध नहीं थे। ट्रस्ट ने गारण्टरों से आयकर रिटर्न्स भी नहीं लिया था।

मंत्रालय ने अपने उत्तर में कहा कि एसएएसएफ ने कहा था कि जहां भी सम्भव था सुधारात्मक कार्रवाई की जा रही थी।

अध्याय VII
अनसुलझे मामले

7.1 अनसुलझे मामले ऐसे मामले है जहां उधारकर्ताओं से समझौता नहीं किया गया है और बकाया वसूली के लिए लंबित हैं।

7.2 लेखापरीक्षा द्वारा जांच के लिए चयनित 39 अनसुलझे मामलों में से तीन मामलों में (त्रिवेणी ग्लास लिमिटेड, एजी फूड्स लिमिटेड और डायनामिक लॉजिस्टिक लिमिटेड) ट्रस्ट ने ₹ 47.28 करोड़ के एनएलओ के प्रति ₹ 58.21 करोड़ की वसूली की।

शेष 36 मामलों में ₹ 1,888.69 करोड़ के एनएलओ के प्रति ट्रस्ट केवल ₹ 150.54 करोड़ की ही वसूली कर सका। इन मामलों में ₹ 1,738.14 करोड़ की कम वसूली हुई। नीचे दी गई तालिका सभी 39 मामलों के लिए एनएलओ, वसूली गई राशि इत्यादि का उधारकर्ता-वार विवरण दर्शाती है:

₹ करोड़ में

क्र. सं.	अनुबंध I के अनुसार क्रमांक	पार्टी का नाम	प्रमोटर का नाम	व्यक्तिगत गारंटी विवरण	एनएलओ	शेयर सहित 31.3.2013 तक वसूली गई राशि	लंबित वसूली की राशि
1	(सी) का 2	एसपीआईसी पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड	डॉ. ए. सी. मुथैया	एसएएसएफ द्वारा नहीं दिया गया	528.46	0.71	527.75
2	5	दाऊ मोटर्स इंडिया लिमिटेड	दाऊ कारपोरेशन, कोरिया	एसएएसएफ द्वारा नहीं दिया गया	267.98	8.65	259.33
3	(सी) का 3	श्री विष्णुप्रिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड	श्री एनएचसी शिव रेड्डी, श्री आर. नेगी रेड्डी एण्ड एसोसिएट्स	श्री एनएचसी शिव रेड्डी, श्री आर. नेगी रेड्डी, श्री एन. एच. मोहन रेड्डी (₹ 25 करोड़)	203.41	0.20	203.21
4.	9	ई. आर. टेक्सटाइल्स लिमिटेड	श्री जी. ईश्वर राव	श्री ग्रांधी ईश्वर राव, श्रीमती ग्रांधी सरस्वती और सुश्री ग्रांधी सरिता ई.आर. (₹ 150 करोड़)	77.93	10.35	67.58

5.	11	कोशिका टेलीकॉम लिमिटेड	ऊषा ग्रुप के श्री विनय राय और श्री अनिल राय	एसएएसएफ द्वारा नहीं दिया गया	70.00	0.00	70.00
6.	19	शामकेन स्पिनर्स लिमिटेड	पीआईसीयूपी / शामकेन ग्रुप के श्री एच. बी. चतुर्वेदी	श्री एच.बी. चतुर्वेदी, श्री संजय चतुर्वेदी, श्री सुमित चतुर्वेदी और श्री अमित चतुर्वेदी (प्रत्येक ₹ 41.25 करोड़)	47.98	0.00	47.98
7.	20	पशुपति फैब्रिक्स लिमिटेड	श्री विजय कुमार जैन एंड एसोसिएट्स	श्री रमेश कुमार जैन, श्री मुकेश कुमार जैन (₹ 40 करोड़)	47.97	9.71	38.27
8.	22	इस्पात प्रोफाइल्स लिमिटेड	श्री एम. एल. मित्तल, श्री प्रमोद मित्तल और श्री वी. के. मित्तल	श्री मोहन लाल मित्तल (₹ 130.03 करोड़)	42.13	0.90	41.23
9.	23	विकास डब्ल्यूएसपी लिमिटेड	श्री बी. डी. अग्रवाल, श्री जे. डी. अग्रवाल और श्री बी. एम. जिंदल	श्रीमती बिमला देवी जिंदल (₹ 50 करोड़)	40.01	10.25	29.76
10.	24	त्रिवेणी ग्लास लिमिटेड	श्री जे. के. अग्रवाल	श्री जे. के. अग्रवाल (₹ 12 करोड़)	38.56	47.25	8.69
11.	25	एलएमएल लिमिटेड	श्री डी. के. सिंघानिया, श्री एल. के. सिंघानिया और श्री संजीव शरिया	श्री ललित कुमार सिंघानिया, श्री दीपक कुमार सिंघानिया और श्री संजीव शरिया (₹ 8.29 करोड़)	38.14	25.05	13.09
12.	26	हॉटलाइन सीपीटी लिमिटेड	श्री अनिल गुप्ता एंड हॉटलाइन ग्लास लिमिटेड	एसएएसएफ द्वारा नहीं दिया गया	37.58	0.00	37.58

13.	27	शामकेन मल्टीफैब लिमिटेड	श्री एच. बी. चतुर्वेदी एंड एसोसिएट्स	श्री सुमित चतुर्वेदी, श्री एच.बी. चतुर्वेदी, श्री संजय चतुर्वेदी और श्री अमित चतुर्वेदी (प्रत्येक ₹ 15 करोड़)	37.01	0.00	37.01
14.	28	सांघी पॉलिस्टर्स लिमिटेड	श्री / आर. एस. सांघी, ए. पी सांघी, रवि सांघी, सुधीर सांघी और गिरीश सांघी	श्री रामसरन सांघी, श्री आनंद प्रकाश, श्री सुधीर सांघी, श्री रवि सांघी और श्री गिरीश कुमार सांघी (₹ 27.13 करोड़)	36.78	0.60	36.19
15.	30	कमलापुर शुगर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड	डॉ. पी. के. रुइया	श्री पवन कुमार रुइया (₹ 15 करोड़)	36.06	8.00	28.06
16.	31	रूफिट इंडस्ट्रीज लिमिटेड	श्री सुरेश जी. मोटवानी, किशोर मोटवानी और विनोद जी मोटवानी	श्री सुरेश मोटवानी, श्री विनोद मोटवानी और श्री किशोर मोटवानी (₹ 7.50 करोड़)	35.81	0.00	35.81
17.	32	श्री वासवी इंडस्ट्रीज लिमिटेड	श्री जी. ईश्वर राव	श्री जी.ईश्वर राव, श्री जी. सी. एच. सन्यासी राजू और श्री ओ. बद्रीनाथ (₹ 14.50 करोड़)	32.00	14.07	17.93
18.	33	सन अर्थ सेरामिक्स लिमिटेड	श्री / सुरेश मोटवानी, श्री विनोद मोटवानी और श्री किशोर मोटवानी	श्री सुरेश मोटवानी, श्री किशोर मोटवानी और श्री विनोद मोटवानी (₹ 20 करोड़)	31.41	0.78	30.62

19.	36	सांघी स्पिनर्स इंडिया लिमिटेड	श्री / आर. एस. सांघी, ए.पी सांघी, रवि सांघी, सुधीर सांघी और गिरीश सांघी	श्री सुधीर सांघी (₹ 37.60 करोड़)	29.87	1.35	28.52
20.	37	दात्री कारपोरेशन लिमिटेड	केबीएलएफ इंटरप्राइज़ेस, श्री हेमंत कनोरिया एंड एसआरईआई ग्रुप	श्री हेमंत कनोरिया और श्री सुनील कनोरिया (₹ 8.30 करोड़)	29.56	22.52	7.04
21.	38	सरिता सिंथेटिक्स लिमिटेड	श्री जी. ईश्वर राव	श्री जी. ईश्वर राव (₹ 14 करोड़)	29.47	0.55	28.92
22.	41	आईसी टेक्सटाइल्स लिमिटेड	श्री अनिल कुमार जैन और श्री सुनील कुमार जैन	एसएएसएफ द्वारा नहीं दिया गया	28.07	13.11	14.96
23.	43	पाराश्रमपुरिया सिंथेटिक्स लिमिटेड	श्री रतनलाल पाराश्रमपुरिया और श्री ओमप्रकाश पाराश्रमपुरिया	एसएएसएफ द्वारा नहीं दिया गया	26.86	0.00	26.86
24.	48	दिवान शुगर लिमिटेड	स्व. श्री वी. एस. दिवान	श्री वी. एस. दिवान और विवेक दिवान (₹ 5.54 करोड़)	25.40	4.87	20.53
25.	61	एम्टेक्स इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड	श्री शिव प्रकाश मखारिया, श्री प्रदीप मखारिया और श्री प्रमोद मखारिया	श्री शिव प्रकाश मखारिया, श्री प्रदीप मखारिया (₹ 10 करोड़) और प्रमोद मखारिया (₹ 10 करोड़)	19.58	0.27	19.31
26.	89	गुजरात ओलिओकेम लिमिटेड	सरवन्स केमिकल लिमिटेड एंड गुजरात एग्रो इंडस्ट्रीज कारपोरेशन	श्री संतोष धीरजलाल पाठक, श्री संदीप चतुर्वेदी, श्री सुधीर पाठक और श्रीमती उमा पाठक	14.20	0.00	14.20

27.	112	दीवान रबड़ इंडस्ट्रीज लिमिटेड	श्री जे.सी. दीवान और श्री वी.एस दीवान	श्री जे.सी. दीवान (₹ 15 करोड़)	12.08	2.56	9.51
28.	148	वेस्टर्न स्टेट इंजीनियर्स लिमिटेड	श्री परवेज डमानीया, श्री विस्पी डमानीया, श्री जहांगीर डमानिया, श्री फ्रेंकलीन जॉन, श्रीमती किरन जॉन, मै. जॉन बिल्डर्स (प्रा.) लिमि. और डमानिया एयरवेज लिमि.	एसएएसएफ द्वारा प्रस्तुत नहीं की गई	9.81	5.50	4.31
29.	149	ओरियंटल इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड	श्री हरजिन्दर सिंह और श्रीमती तरणजीत कौर	श्री हरजिन्दर सिंह (₹ 13.10 करोड़)	9.77	0.00	9.77
30.	150	वीनस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड	श्री एम.पी. सिंह	श्री एम.पी. सिंह, श्री आर. के. गुप्ता और श्रीमती शशी रानी (₹ 10.94 करोड़)	9.72	4.33	5.39
31.	158	द्वारिकाधीश स्पीनर्स लिमिटेड	श्री एच.बी. चतुर्वेदी और एसोसिएट्स और पीएसआईडीसी/ शंमकेन ग्रुप	श्री एच.बी. चतुर्वेदी, श्री अमित चतुर्वेदी (₹ 5.44 करोड़ प्रति) श्री अमित चतुर्वेदी, श्री प्रवीन चतर्वेदी (₹ 5.44 करोड़) और श्री सुमित चतुर्वेदी (₹ 5.44 करोड़)	9.54	0.00	9.54
32.	193	नौफेब इंडिया लिमिटेड	श्री सतनारायण भागचंडका और श्री बी. के भागचंडका	श्री सतनारायण भागचंडका, और श्री विनोद कुमार भागचंडका (₹ 5 करोड़)	8.16	0.50	7.66

33.	244	पर्ल वैली सिल्कस लिमिटेड	श्री आनन्द कुमार सुरेखा, महेश खेमका, श्री महेंद्रा कुमार शाह और श्री जी. राम कुमार	श्री आनन्द कुमार सुरेखा, श्री जी. राम कुमार, श्री महेंद्र कुमार शाह और श्री महेश खेमका (₹ 5.50 करोड़)	6.48	0.00	6.47
34.	321	एजी फुड्स लिमिटेड	श्री जी. एस. बोपराई और जी. पी. सिंह, पंजाब एग्रो इंडस्ट्रीयल कॉर्पोरेशन लिमि.	श्री रूपीदंर कौर (₹ 7 करोड़)	4.72	6.20	(+) 1.48
35.	352	ईडन कॉस्मेटिक्स लिमिटेड	श्री बाबूलाल अग्रवाल और श्री सतीश कुमार बांका	श्री बाबूलाल अग्रवाल और श्री सतीश कुमार बांका (₹ 1.50 करोड़)	4.37	4.21	0.16
36.	380	डायनामिक्स लोजीस्टिक्स प्राईवेट लिमिटेड	श्री के. एम. तेलरा और तेलरा ग्रुप	श्री के. एम. तेलरा और श्री प्रफूल्ल के. तेलरा (₹ 8.50 करोड़)	4.00	4.57	(+) 0.57
37.	481	सुपर फॉरजिंग्स एंड स्टील्स लिमिटेड	श्री बी. एन. मोदी एंड एसोसिएट्स	एसएएसएफ द्वारा प्रस्तुत नहीं की गई	2.58	0.75	1.83
38.	495	कृष्ण प्लास्टोचैम लिमिटेड	दोशी फैलिमी और श्री के. रंगानाथन एंड एसोसिएट्स	श्री के. रंगानाथन (₹ 4 करोड़)	2.38	0.75	1.63
39.	626	इग्जोटिक इक्विटमैंट्स कंपनी प्रा. लिमि.	श्री एन. एम. संपत कुमार	एसएएसएफ द्वारा प्रस्तुत नहीं की गई	0.13	0.00	0.13
		कुल			**1935.97**	**208.56**	**1727.41**

(टिप्पणी # 1 एसएएसएफ द्वारा लेखापरीक्षा को उपलब्ध कराई गई स्थानांतरण टिप्पणियों से समेकित प्रमोटर्स के नाम।

एसएएसएफ को इन 39 मामलों के स्थानांतरण के समय पर, चार मामलों में आज्ञप्ति प्रदान की गई थी और 13 मामलों में अभियोग फाईल किये गये थे। फाईल किये गये 13 अभियोगों में से, केवल दो मामले निपटाये (एक ओटीएस और दूसरा न्यायालय द्वारा परिसंपत्ति की बिक्री द्वारा) जा सके और शेष 11 मामले

न्यायालय/अधिकरण में अभी तक लंबित थे। स्थानांतरण के समय पर 'फाईल किये गये अभियोग' या 'आज्ञप्ति' के अंतर्गत न आने वाले शेष 22 मामलों में से, नौ मामले ऋण वसूली अधिकरण/उच्च न्यायालय में लंबित हैं, नौ मामले बीआईएफआर को संदर्भित किये गये हैं, दो मामलों में सरफीजी अधिनियम लागू किया गया है और एक मामले में एसएफसी अधिनियम की सहायता ली गई है। शेष एक मामले में, समझौते से निपटान को अनुमोदित कर दिया गया था, उक्त का उधारकर्ताओं द्वारा पालन नहीं किया गया था।

हालांकि इनमें से अधिकतर मामले या तो *विचाराधीन* हैं या बीआईएफआर को संदर्भित हैं, न्यास द्वारा अधिकतम संभावित राशि की वसूली के लिए विस्तृत प्रयास किये जाने की आवश्यकता है। इस दिशा में, न्यास द्वारा निवल मूल्य और प्रमोटर्स की आय सुनिश्चित करना, संपत्ति विवरण और आय कर रिटर्न प्रतियां प्राप्त करना आवश्यक है।

न्यास ने कहा (अगस्त 2013) कि इन मामलों में वसूली अभी भी प्रक्रियाधीन है।

7.3 आज्ञप्ति मामलों की स्थिति

आज्ञप्ति मामलों की स्थिति का विवरण नीचे दिया गया है:

₹ करोड़ में

पार्टी का नाम	एनएलओ	वसूली गई राशि	अभियुक्तियां
विकास डब्ल्यूएसपी लिमिटेड	40.01	10.25	2004 में ₹ 60.81 करोड़ हेतु आज्ञप्ति प्राप्त हुई। न्यास ने दो बार ओटीएस में प्रवेश किया परंतु भुगतान करने में विफल रही तथा ओटीएस रद्द कर दिया गया। मामला अक्तूबर 2012 में डीआरटी में पुन: सक्रिय किया गया। निदेशक के पासपोर्ट कूर्की के आवेदन और बैंक खाते की कूर्की डीआरटी, जयपुर में की गई। ₹ 50 करोड़ के लिए श्रीमती बिमला देवी जिंदल का पीजी उपलब्ध था और जिसे मांगा

			गया। हालांकि, संपत्ति ब्यौरे उपलब्ध नहीं थे।
ओरियंटल इंडस्ट्रीज लिमिटेड	9.77	निवल	₹ 19.46 करोड़ के लिए वसूली प्रमाण पत्र मार्च 2013 में जारी किया गया था। भूमि का कुछ भाग उधारकर्त्ता द्वारा पास के किसानों को बेच दिया गया था। मूल्यांकन के समय पर मशीनरी नहीं पाई गई। ₹ 13.10 करोड़ हेतु श्री हरजिंदर सिंह का पीजी उपलब्ध था और उसकी मांग की गई। हालांकि संपत्ति ब्यौरे उपलब्ध नहीं थे।
डायनेमिक्स लोजिस्टिक्स प्रा. लि.	4.00	4.57	₹ 13.15 करोड़ के लिए ओटीएस प्रस्ताव उधारकर्ता द्वारा किया गया (अप्रैल 2013), जो न्यास के विचाराधीन था। ₹ 8.50 करोड़ के लिए श्री के. एम. तेलरा, श्री प्रमोद तेलरा और श्री प्रफुल्ल तेलरा का पीजी उपलब्ध था और उसकी मांग की गई। हालांकि, संपत्ति ब्यौरे उपलब्ध नहीं थे।
कृष्णा प्लास्टोचैम लिमिटेड	2.38	0.75	गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त आधिकारिक परिसमापक ने ₹ 6.60 करोड़ की संपत्ति बेच दी और एसएएसएफ ने मार्च 2009 में ₹ 75 लाख के अंतरिम संवितरण प्राप्त किये। तत्पश्चात, स्विफ्ट फिनलीज (इंडिया) लिमि. ने लंबित बिक्री लाभों में अपने भाग के संवितरण प्राप्त करने हेतु गुजरात हाई कोर्ट में आधिकारिक परिसमापक और

			अन्य के विरूद्ध कंपनी आवेदन फाईल कर दिया। एसएएसएफ के अनुसार, व्यक्तिगत गारंटी उपलब्ध थीं और उन्हें मांगा गया। हालांकि, व्यक्तिगत गारंटी लेखापरीक्षा को उपलब्ध नहीं कराई गई थीं।

न्यास ने कहा (अगस्त 2013) कि व्यक्तिगत गारंटियों में संपत्ति ब्यौरों की अनुपलब्धता के बावजूद, वैधानिक तरीके और/या निपटान से अधिकतम वसूली के लिए सभी प्रयास किये जा रहे हैं।

39 मामलों में से, 11 मामलों में व्यक्तिगत गारंटी प्रमोटर्स/उधारकर्ताओं से प्राप्त की गई थीं और चार मामलों (ईआर टैक्सटाईल्स, शैमकन मल्टीफैब, दीवान सुगर लिमिटेड और वीनस सुगर लिमिटेड) में संपत्ति ब्यौरे उपलब्ध थे। न्यास ने गारंटर्स से आयकर रिटर्न भी संग्रहित नहीं की। यदि इन पहलूओं को ध्यान में रखा जाता, तो न्यास वास्तव में वसूल की गई राशि से अधिक राशि की वसूली कर सकता था।

मंत्रालय ने अपने उत्तर में कहा कि एसएएसएफ ने यह स्वीकार किया है कि जहां भी संभव थी आपत्तियों पर उपचारात्मक कार्रवाई की जा रही थी।

अध्याय VIII
विविध

8.1 जीएलओ से अधिक या समान के लिए निपटान हेतु प्रस्तावों की अस्वीकृति

वसूली नीति में ओटीएस/एनएस राशि जीएलओ से कम न हो; अधीन ओटीएस/एनएस को विचारार्थ और अनुमोदन के लिए सीओओ पर शक्तियां प्रदत्त हैं। लेखापरीक्षा ने पाया कि निम्नलिखित दो मामलों में, सीओओ द्वारा इन शक्तियों को प्रयोग नहीं किया गया।

₹ करोड़ में

क्र. सं.	उधारकर्ता का नाम	जीएलओ	उधारकर्ता द्वारा किया गया प्रस्ताव
1	डायनैमिक्स लोजिस्टिक्स प्रा. लि.	8.00	16.54
2	सुपर फोर्जिंग एंड स्टील लिमिटेड	4.75	4.50+0.25*
	कुल	**12.75**	**21.29**

(नोट * प्रस्ताव से पहले अप्रैल 2008 में ₹ 25 लाख अदा किये गये)

इन दो मामलों में, पहला मामला *निर्णायाधीन* है और दूसरे में उधारकर्त्ता ने अपना प्रस्ताव वापस ले लिया है। इन मामलों की चर्चा नीचे की गई है:

8.2 डायनामिक लोजीस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड (एनएलओ ₹ 4 करोड़)

आईडीबीआई ऋण वसूली अधिकरण (डीआरटी) मुंबई में वसूली हेतु एक मामला पहले ही फाईल (मई 2000) कर चुकी थी, जिसे डीआरटी, पुणे को स्थानांतरित कर दिया गया था। डीआरटी ने वसूली तक आवेदन की तिथि से ब्याज सहित ₹ 11.10 करोड़ राशि हेतु निपटान स्वीकृत किया (सितम्बर 2003)। तत्पश्चात, डीआरटी ने ₹ 20.49 करोड़ हेतु वसूली प्रमाण पत्र जारी किया (जनवरी 2004), जिसमें मूलधन के ₹ 11.10 करोड़ और ब्याज और फीस के ₹ 9.39 करोड़ शामिल थे। डीआरटी ने उधारकर्ता के पट्टेदार (किरलोसकर ऑयल ईंजन्स लिमि.) के प्रति अनुऋणी[8] आदेश भी जारी किये (अक्तूबर 2004)। न्यास जनवरी 2008 तक अनुऋणी राशि के रूप में केवल ₹ 4.57 करोड़ का संग्रह कर सका।

---

[8] एक व्यक्ति जो धन या संपत्ति रखता है जो किसी ऋणदाता द्वारा कूर्की कार्यवाहियों के अधीन एक देनदार से संबंधित होती है।

इसी बीच, न्यास ने ₹ 17.83 करोड़ (मूलधन के प्रति ₹ 8 करोड़, ब्याज के प्रति ₹ 5.83 करोड़ और अन्य वसूली के प्रति ₹ 4 करोड़) के एक ओटीएस का प्रस्ताव किया (जून 2006) जिसे उधारकर्ता द्वारा (क) न्यास द्वारा ₹ 17.83 करोड़ राशि के ओटीएस के विवरण उपलब्ध कराने, (ख) न्यास द्वारा प्रस्तावित ₹ 17.83 करोड़ को न्यास द्वारा संग्रहित ₹ 3.27 करोड़ की अनुऋणी राशि से समायोजित किया जाना, (ग) 8 प्रतिशत प्रति वर्ष ब्याज सहित 18 समान मासिक किश्तों में 25 *प्रतिशत* अग्रिम और राशि; के अधीन स्वीकार किया गया (नवम्बर 2006)। हालांकि, न्यास ने प्रस्तुत किय गये प्रस्ताव पर कोई कार्रवाई नहीं की। न्यास ने सरफीजी अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत इस आधार पर नोटिस जारी किया (नवम्बर 2009) कि बकाया वसूली के लिए किये गये प्रयासों को उधारकर्ता/प्रमोटर्स द्वारा रोका गया था। न्यास के अनुसार, सरफीजी अधिनिमय की धारा 13(4) के अंतर्गत उधारकर्त्ता की परिसंपत्तियों को अधिकार (अप्रैल 2010) में लेने के लिए किये गये प्रयास उधारकर्ता के असहयोग के कारण विफल हो गये। उधारकर्ता ने सरफीजी अधिनियम की धारा 17 के अंतर्गत परिसंपत्तियों को अधिकार में लेने के विरोध में डीआरटी से स्टे प्राप्त कर लिया (2010)।

जुलाई 2010 में डीआरटी में चल रही सुनवाई के दौरान, न्यास और उधारकर्ता बकाया के निपटान हेतु सहमत हो गये। तदनुसार, उधारकर्ता ने ₹ 17.83 करोड़[9] (जून 2006 में न्यास द्वारा प्रस्तावित समान राशि) का एक नया ओटीएस प्रस्ताव प्रस्तुत किया (जुलाई 2010)। यह न्यास को स्वीकार्य नहीं था और इसने अधिक सुधार हेतु उधारकर्ता को अनुरोध किया (अगस्त 2010)। उधारकर्ता ने ₹ 17.72 करोड़[10] (12 समान किश्तों में 25 *प्रतिशत* आरंभिक अदायगी और 75 प्रतिशत शेष) के लिए एक और ओटीएस प्रस्ताव प्रस्तत किया (अप्रैल 2013)। इस प्रस्ताव को न्यास द्वारा मान लिया गया और उधारकर्ता को अन्य ऋणदाताओं के साथ समझौते विवरण और विगत तीन वर्षों के लिए तात्कालिक लेखापरीक्षित परिणाम, जो प्रतीक्षित थे; को प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया (अप्रैल 2013)।

उपरोक्त संदर्भ में लेखापरीक्षा ने पाया कि:

- हालांकि जनवरी 2004 में डीआरटी द्वारा वसूली प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया था, न्यास ने इस पर कोई कार्रवाही नहीं की। न्यास ने जून 2006 में एक ओटीएस प्रस्ताव तैयार किया।

---

[9] ₹ 17.83 करोड़ के निवल प्रस्ताव में उधारकार्ता द्वारा की गई गणना के रूप में न्यास द्वारा प्राप्त/प्राप्त ₹ 5.86 करोड़ की अनुऋणी राशि से कम।

[10] ₹ 17.72 करोड़ (न्यास द्वारा वसूली गई अनुवृणी राशि ₹ 13.15 + ₹ 4.57 करोड़)

- न्यास द्वारा तैयार किया गया (जून 2006) ₹ 17.83 करोड़ का ओटीएस प्रस्ताव उधारकर्ता द्वारा स्वीकृत किया गया था जो इस स्पष्टीकरण के अधीन था कि प्रस्तावित राशि कहां तक पहुँची थी। न्यास इस संबंध में स्पष्टीकरण दे सकता था और उधारकर्ता द्वारा इसका अनुपालन करने में विफल रहने की स्थिति में, इसे तुरंत सरफीजी अधिनियम स्वीकार करना चाहिए था। हालांकि, न्यास ने नवम्बर 2009 तक भी प्रभावी रूप से कार्य नहीं किया जब तक कि सरफेसी अधिनियम के अंतर्गत नोटिस जारी किया था।

- यह भी देखा गया कि विभिन्न स्तरों पर निर्णयों के बावजूद, उधारकर्ता ने भुगतान/निपटान में विलम्ब किया। हालांकि, डीआरटी ₹ 20.49 करोड़ हेतु वसूली प्रमाण पत्र जारी किये और तत्पश्चात न्यास के ₹ 17.83 करोड़ हेतु प्रस्तावित ओटीएस को उधारकर्ता द्वारा पालन किये जाने की अपेक्षा उसके द्वारा सवाल उठाये गये। चार वर्षों के बाद, जुलाई 2010 में, उधारकर्ता ने ₹ 17.83 करोड़ हेतु ओटीएस प्रस्ताव तैयार किया जो न्यास द्वारा प्रस्तावित राशि के समान था। एक समय पर मूल्य आधार पर प्रस्ताव वास्तविक रूप से कम था।

- हालांकि, इस बात का साक्ष्य था कि उधारकर्ता ने ऋण निपटान में शीघ्रता नहीं की, न्यास ने प्रमोटर्स (श्री के. एम. तेलरा, श्री प्रफुल्ल तेलरा) के ₹ 8.50 करोड़ की व्यक्तिगत गारंटी पर कार्रवाई नहीं की क्योंकि न्यास के पास कोई पुष्टिकारक संपत्ति ब्यौरे उपलब्ध नहीं थे। यह व्यक्तिगत गारंटी मांगी गई थी परंतु कोई राशि वसूल नहीं की जा सकी।

- दोनों प्रस्ताव (जुलाई 2010 और अप्रैल 2013) कार्यकारी ट्रस्टी द्वारा निपटाये गये थे जबकि प्रस्तावों को प्रत्यायोजन शक्तियों के अनुसार निर्णय हेतु सीओओ के सामने रखा जाना चाहिए था।

- एसएएसएफ ने रिकार्डों के अनुसार, उधारकर्ता ने बकाया देय के 100 प्रतिशत तक आईसीआईसीआई बैंक के साथ ₹ 34 करोड़ का निपटान किया और सिडबी के मामले में, यह ₹ 40 करोड़ कुल देय के निपटान के लिए ₹ 5.87 करोड़ के लिए सहमत हो गये। उधारकर्ता की परिसंपत्तियां (भूमि और भवन) का मूल्य ₹ 83 करोड़ (अप्रैल 2010) था। न्यास का यथानुपात भाग न्यास द्वारा नहीं निकाला गया था।

न्याय ने कहा (अगस्त 2013) कि बीओटी ने सिडबी/आईसार्क के साथ कंपनी द्वारा किये गये निपटान के अनुसार निपटान प्रस्ताव अनुमोदित किया जिससे ₹ 17.12 करोड़ की वसूली अपरिहार्य थी।

8.3 सुपर फोर्जिंग्स एंड स्टील लिमिटेड (एनएलओ ₹ 2.58 करोड़)

पार्टी की देय राशि एसएएसएफ (अप्रैल 2008) द्वारा पुन: तैयार की गई थी और इसी प्रकार उधारकर्ता द्वारा ₹ 4.75 करोड़ अदा करनी अपेक्षित थे। घटते हुए शेष पर 10.25 प्रतिशत प्रतिवर्ष दर पर ब्याज के साथ 20 तिमाही किश्तों में 2 वर्षों की अधिस्थगन अवधि के बाद, देय राशि पांच वर्षों में अदा की जानी थी। उधारकर्ता ने अप्रैल 2008 में ₹ 25 लाख अदा किये और बाद में चूक की। उधारकर्ता ने मई 2011, जनवरी 2012 और मई 2012 में ओटीएस प्रस्ताव तैयार किये। मई 2012 में प्रस्ताव तैयार करने के अनुसार, पार्टी ने मई 2011 में ₹ 50 लाख सहित ₹ 4.50 करोड़ की पेशकश की। पहले अदा की गई राशि (₹ 75 लाख) की राशि को ध्यान में रखते हुए, उधारकर्ता द्वारा किया गया कुल ऑफर ₹ 4.75 करोड़ का था, जो जीएलओ के समान था। उधारकर्ता ने न्यास की अस्वीकृति के कारण दिसम्बर 2012 में ऑफर वापस ले लिया। सभी तीन अवसरों पर, न्यास ने पार्टी द्वारा तैयार प्रस्ताव में सुधार हेतु अनुरोध किया।

परिसंपत्तियों के वसूली मूल्य पर न्यास के यथानुपात भाग केवल ₹ 1.75 करोड़ (नवम्बर 2009) पाया गया और दिसम्बर 2011 में यह नगण्य पाया गया। उधारकर्ता की परिसंपतियां भी न्यास के अंतर्गत प्रभारित नहीं की गई थी। न्यास के अंतर्गत, पार्टी से प्राप्त व्यक्तिगत गारंटी मांगी गई थी परंतु न्यास के पास गारंटर की संपत्तियों का ब्यौरा नहीं था। हालांकि, व्यक्तिगत गारंटी की प्रतियां लेखापरीक्षा को उपलब्ध नहीं कराई गई थी। इस संबंध में आगे कोई कार्रवाई नहीं की गई।

न्यास ने कहा (अगस्त 2013) कि अगस्त 2013 में सीओओ ने मई 2012 में पार्टी द्वारा प्रस्तावित निपटान को अनुमोदित कर दिया।

8.4 देय राशि को माफ/वास्तविक देयता का प्रतिपादन करने से संबंधित वसूली नीति का पालन न करना

वसूली प्रक्रिया के अनुसार, यदि क्रिस्टलाईज्ड राशि के भुगतान में चूक पाई जाती है, न्यास के पास देय राशि (वसूली नीति का अनुबंध I) के लिए; यदि कोई है तो, उधारकर्ता द्वारा ऋण करार में शामिल और प्राप्त राशि समायोजन की शर्तों के अनुसार देय राशि छूट रिवर्स और वास्तविक देयता पुन: प्राप्ति के अधिकार होंगे।

अग्रलिखित दो मामलों में, उपरोक्त नीति का पालन नहीं किया गया था:

₹ करोड़ में

क्र. सं.	उधारकर्ता का नाम	समझौते से निपटान के अनुमोदन की तिथि	एनएलओ	ओटीएस/ एनएस	वसूली गई राशि
1	श्री वासवी इंडस्ट्रीज लिमि. (प्रमोटर्स श्री जी. ईश्वरा राव)	दिसम्बर 2011 और दिसम्बर 2012	32.00	50.00 (दिसम्बर 2012)	1.00
2	इस्पात प्रोफाईल्स इंडिया लिमि. (प्रमोटर्स - श्री एम. एल. मित्तल, श्री वी. के. मित्तल और प्रमोद मित्तल	जून 2005, सितम्बर 2010 और दिसम्बर 2012	42.13	56.92 (दिसम्बर 2012)	निवल

- वासवी इंडस्ट्रीज लिमिटेड के संबंध में ₹ 14.50 करोड़ हेतु श्री जी. ईश्वरा राव, श्री जी. सी. एच. संन्यासी राजू और श्री बद्रीनाथ की व्यक्तिगत गारंटी और इस्पात प्रोफाईल्स इंडिया लिमिटेड के संबंध में ₹ 130.03 करोड़ के लिए श्री एम. एल. मित्तल के पीजी उपलब्ध थे और मांगे गये थे। हालांकि, दोनों मामलों में संपत्ति विवरण उपलब्ध नहीं थे।

- वासवी इंडस्ट्रीज लिमिटेड के संबंध में, न्यास ने कहा (अगस्त 2013) कि वह निपटान के निरसन की प्रक्रिया आरंभ कर चूका था। हालांकि कंपनी ने निपटान की टर्मिनल तिथि की पुनर्अदायगी अवधि के पुनर्निर्धारण के लिए चर्चा की, जो न्यास के विचारधीन थी। इसने आगे कहा कि कंपनी ने जुन 2013 में ₹ 3.10 करोड़ अदा किये थे।

- इस्पात इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड के संबंध में, न्यास ने कहा (अगस्त 2013) कि उसने परक्राम्य इंस्टरूमेंट्स अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत कार्रवाई की थी और कंपनी के संबंधित अधिकारियों के प्रति एक आपराधिक मामला फाईल कर चुका है और सिबिल को चूक की सूचना दे दी गई है। इसने आगे बताया कि न्यास निपटान निरस्त करने और देय राशि की वसूली हेतु वैधानिक कार्रवाई करने हेतु बीआईएफआर से अनुमति प्राप्त करने की कार्यवाही कर रहा था।

8.5 बिक्री शर्तों को पूरा किये बिना सुरक्षित परिसंपत्तियों का हस्तांतरण - देऊ मोटर्स लिमिटेड

न्यास विलेख के अनुसार, आईडीबीआई ने देवू मोटर्स इंडिया लिमिटेड (डीएमआईएल) के संबंध में ₹ 267.98 करोड़ के निवल ऋण बकाया (एनएलओ) आईडीबीआई (सितम्बर 2004) में हस्तांतरित किये। एसएएसएफ के मामले के हस्तांतरण के समय पर, ऋणदाता (आईडीबीआई, आईसीआईसीआई और एग्जिम बैंक) पहले ही उनके ऋणों की वापसी करा चुका था और डीएमआईएल के प्रति 2002 में डीआरटी मुंबई/चेन्नै में वसूली अभियोग फाईल कर चुका था।

